दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 23 फरवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 65 पेज-09 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










# पीएम नरेंद्र मोदी ने मेरठ को दी नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो की बड़ी सौगात

## 'हिम्मत है तो विकास के मुद्दे पर लड़ें'







**मेरठ करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेरठ को नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो की बड़ी सौगात दी। दोनों नेताओं ने दिल्ली के सराय काले खां से मोदीपुरम तक 82 किलोमीटर लंबे रैपिड कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मेरठ के मोहीउद्दीनपुर में आयोजित जनसभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस और अन्य दलों पर जमकर निशाना साधा।

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने कांग्रेस, सपा और बसपा को कहा था कि अपनी जहरीली राजनीति छोड़िए और आइए विकास के मुद्दे पर मुकाबला करके देखते हैं। लेकिन इन दलों ने अपनी जहरीली राजनीति नहीं बदली। भाजपा ने अपनी विकास की नीति को हमेशा सर्वोपरि रखा। इसका एक उदाहरण हमारी मेट्रो भी है। 2014 से पहले यानी कांग्रेस सरकार के समय में चार-पांच शहरों में मेट्रो थी, आज 25 से ज्यादा शहरों में मेट्रो चलने लगी है।

### पहले घोटालों में गुम हो जाते थे इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट

मोदी ने कहा कि जब देश में कांग्रेस की सरकार थी, तो ये सब संभव ही नहीं था। तब इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट घोटालों में गुम हो जाते थे। मेट्रो जैसी अधिकतर टेक्नोलॉजी हमें विदेशों से आयात करनी पड़ती थी। हमने घोटाले बंद किए। देश को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया। मेरठ और पश्चिम यूपी वालों का जीवन बदलने वाला है। अब एक ही स्टेशन से, एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल चलेगी।

### कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू कर रहा देश

मोदी ने कहा कि पूरा देश कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू कर रहा है। दुर्भाग्य देखिए, इतनी पुरानी पार्टी के नेता बेशर्मी के साथ देश की बेइज्जती करने वालों का जयकारा कर रहे हैं। ये मामला कांग्रेस की हरकतों का लगातार चल रहा है। संसद में खुद परफॉर्म नहीं कर पा रहे तो अपने साथी को भी बोलने का मौका नहीं देते। सदन को चलने नहीं देते। इसका सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस के साथी दलों को हो रहा है। पाप कांग्रेस करती है, भुगतना साथियों को पड़ता है। उन्होंने कहा कि मैं नम्रतापूर्वक देश के मीडिया से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि कृपा करके हम जब इस प्रकार की हरकतों की आलोचना करें, तो इस तरह की हेडिंग न बनाएं कि मोदी ने विपक्ष को धो डाला। ये विपक्ष-विपक्ष करके आप कांग्रेस को बचा रहे हैं। विपक्ष में जो और साथी बैठे हैं, वो भी समझ गए हैं कि पाप कांग्रेस करती है और भुगतना उन्हें पड़ता है।

### कांग्रेस अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी

पीएम मोदी ने कहा कि हम तो वो लोग हैं, जो गांव में किसी के यहां शादी होती है तो पूरा गांव उसे सफल बनाने में जी-जान से जुट जाता है। ताकि मेहमान गांव की अच्छी छवि लेकर जाएं। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है। हम इसे भी सहन कर लेंगे। लेकिन कांग्रेस को याद रखना चाहिए था कि ये अकग्लोबल समिट भाजपा का कार्यक्रम नहीं था, न ही उस समय भाजपा का कोई नेता वहां था।

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पहुंचे जर्मनी

## उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर होगा जर्मनी यूके में रोड शो







**यह दल जर्मनी, फ्रांस और यूनाईटेड किंगडम में समयबद्ध रूप से अपनी बात को रखेगा। हमें उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश के समग्र आर्थिक विकास हेतु अधिक से अधिक विदेशी पूंजी निवेश को आकर्षित करने के लिए हमारे प्रयास सफल होंगे।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के नेतृत्व में 6 सदस्य दल जर्मनी पहुंचा। इस दल में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के साथ कैबिनेट मंत्री आईटी तथा इलैक्ट्रोनिक्स सुनील शर्मा भी हैं। इसके अलावा इस प्रतिनिधि मंडल में अपर मुख्य सचिव अवस्थापना तथा औद्योगिक विकास आलोक कुमार हैं। मुख्यमंत्री के विशेष सचिव ईशान प्रताप सिंह हैं। यूपी सीडा के मुख्यकार्यपालक अधिकारी चर्चित गौड़ हैं, अपर मुख्यकार्यपालक अधिकारी इंवेस्ट यूपी प्रेरणा शर्मा हैं। तथा मुख्यमंत्री के ओएसडी संजीव कुमार सिंह हैं।


रविवार को प्रतिनिधि मंडल जर्मनी पहुंचा। ये दल जर्मनी और यूके में निवेश की संभावनाओं को लेकर बात करेगा। ये दल इंवेस्टमेंट रोड शो के जरिये निवेश की उम्मीदों को बढ़ायेगा। विभिन्न मुलाकातें होंगी और यहां उद्योग के क्षेत्र में निवेश पर चर्चा होगी। जर्मनी से इस दल में गये साहिबाबाद विधायक तथा उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने करंट क्राइम से बात की और बताया कि 27 फरवरी तक ये टूर रहेगा। हम उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर इस टूर के जरिये कई बैठक करेंगे। मीटिंग का दौर शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर काम होगा।

इस दल में कई अधिकारी भी हैं और यह दल जर्मनी, फ्रांस और यूनाईटेड किंगडम में समयबद्ध रूप से अपनी बात को रखेगा। हमें उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश के समग्र आर्थिक विकास हेतु अधिक से अधिक विदेशी पूंजी निवेश को आकर्षित करने के लिए हमारे प्रयास सफल होंगे। उत्तर प्रदेश में देश विदेश के निवेशकों से निवेश की अपार संभावनाओं को अवगत कराने के लिए हम पहुंचे हैं। विदेशों में इंवेस्टमेंट यूपी का रोड शो होना है।

# आफ्टर होली गोवा टूर पर जाएगी निगम पार्षदों की टोली

## कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने किया टूर की बात को कन्फर्म






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तराखण्ड टूर के बाद से पार्षद काफी उत्साहित हैं। गाजियाबाद से नगरनिगम के पार्षद उत्तराखण्ड गये। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने पार्षदों के टूर को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर विधायक संजीव शर्मा पार्षदों के टूर में उनके साथ गये। पूर्व कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने चाय पकौड़े से लेकर पूजा अर्चना का मैनेजमेंट संभाला। निगम पार्षद शीतल चौधरी ने तंबोला खिलवाया और निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीन चौधरी ने यहां व्यवस्था को संभाला। इसके बाद से पार्षद अब टूर को लेकर उत्साहित हैं। अगले टूर का प्लान पहले टूर में ही बनना शुरू हो गया था। इसके बाद पार्षद तय कर रहे थे कि गोवा ठीक रहेगा या जिम कॉरबेट में जाना उचित रहेगा। पार्षद टूर पर जाना चाहते हैं और रविार को अब टूर का प्लान फाईनल हुआ है। पार्षदों का दल आफ्टर होली गोवा टूर पर जायेगा। पार्षदों ने जिम कॉरबेट के मुकाबले गोवा वाले बीच पर रूचि दिखाई है। सूत्र बताते हैं कि पार्षद इस टूर के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक पार्षद पति को अब टूर के लिए सस्ता सुन्दर और सुलभ पैकेज देखने की जिम्मेदारी दी गयी है। जिन पार्षद पति को ये जिम्मेदारी दी गयी है वो घूमने फिरने के शौकीन है। इंटरनेशनल डैस्टिनेशन से लेकर नैशनल डैस्टिनेशन तक उन्हे जानकारी है। बताया जाता है कि पार्षद पति भी इस कवायद में जुट गये हैं। वहीं करंट क्राइम ने पार्षदों के इस टूर को लेकर निगम कार्यकरिणी उपाध्यक्ष प्रवीन चौधरी से बात की। प्रवीन चौधरी ने टूर के कन्फर्मेशन वाली बात पर मोहर लगाई।

उन्होंने कहा कि बिल्कुल टूर पर जा रहे हैं और यहां पर उन्होंने गोवा टूर वाली बात को कन्फर्म करते हुए कहा कि बिल्कुल गोवा का प्रोग्राम तय हुआ है और सभी पार्षद गोवा केलिए जायेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के जिम कारबेट वाला प्रोग्राम नहीं है और गोवा के लिए पूरी सहमति बन गयी है। उन्होंने बताया कि जल्द ही गोवा टूर की तिथि घोषित कर दी जायेगी।

# बेहटा बंद फाटक अंडरपास निर्माण कार्य का शुभारंभ आज

## वर्षों पुरानी समस्या से जनता को मिलेगी राहत

### विधायक नंद किशोर गुर्जर के प्रयास लाए रंग, सांसद अतुल गर्ग करेंगे शुभारंभ





**गाजियाबाद/लोनी करंट क्राइम।** लोनी क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग बेहटा बंद फाटक अंडरपास निर्माण कार्य का शुभारंभ आज प्रातः 11 बजे बंद फाटक, बेहटा में किया जाएगा। लंबे समय से बंद फाटक के कारण लगने वाले जाम और आवागमन की गंभीर समस्या से जूझ रही जनता को इस परियोजना से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। यह निर्माण कार्य रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के आशीर्वाद तथा सांसद गाजियाबाद अतुल गर्ग के सहयोग से शुरू हो रहा है। स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर के सतत प्रयासों से इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति मिली और अब इसका विधिवत शुभारंभ किया जा रहा है। बेहटा बंद फाटक पर प्रतिदिन लगने वाले जाम के कारण विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्रवासियों की इस वर्षों पुरानी समस्या को प्राथमिकता पर उठाते हुए विधायक नंदकिशोर गुर्जर लगातार संबंधित विभागों और रेलवे अधिकारियों से संपर्क में रहे, जिसके परिणामस्वरूप अब अंडरपास निर्माण का कार्य शुरू हो रहा है।स्थानीय लोगों का मानना है कि अंडरपास बनने से यातायात सुगम होगा और लोनी क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया है।

## सदन की बैठक स्थगित, अधिकारियों की वापसी के बाद होगी नई तिथि घोषित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम की मा. सदन की बैठक, जो 24 फरवरी 2026 को आयोजित होना निर्धारित थी, स्थगित कर दी गई है। नगर निगम प्रशासन के अनुसार रक्फ/चुनाव संबंधी कार्यों के चलते अपर आयुक्त, सभी जोनल प्रभारी तथा अन्य अधिकारी शहर से बाहर हैं। अधिकारियों की वापसी 28 फरवरी 2026 को प्रस्तावित है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संबंधित अधिकारियों की वापसी के उपरांत ही सदन की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की नई तिथि की सूचना पृथक रूप से जारी की जाएगी।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 131वां एपिसोड, कहा-

# एआई समिट के सफल आयोजन पर देशवासियों को बधाई




## एपिसोड में डिजिटल धोखाधड़ी, अंगदान पर भी चर्चा

### एआई से बदल रहा भारत का भविष्य

पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में आयोजित एआई समिट में उन्हें दुनिया के बड़े नेताओं और टेक कंपनियों के सीईओ से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि एआई अब केवल टेक्नोलॉजी का विषय नहीं रहा, बल्कि खेती, पशुपालन और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच चुका है। एग्जिबिशन में दिखाया गया कि कैसे एआई जानवरों के इलाज में मदद कर रहा है और किसान 24.7 एआई आधारित सिस्टम से अपनी डेयरी और पशुओं की निगरानी कर रहे हैं। इससे उत्पादन बढ़ रहा है और लागत घट रही है। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने केरल की मासूम बच्ची एलिन शेरिन अब्राहम का जिक्र किया। उनकी मौत के बाद उनके अंगों ने कई लोगों को नई जिंदगी दी। उन्होंने दिल्ली की लक्ष्मी देवी का उदाहरण भी साझा किया, उन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण दिखाया। पीएम ने कहा कि एक नेक निर्णय कई परिवारों की जिंदगी बदल सकता है। अंगदान सिर्फ चिकित्सा नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।

### मन की बात की मुख्य बातें

- अकसमिट में भारत की तकनीकी ताकत दुनिया के सामने आई।
- कृषि और पशुपालन में अकके उपयोग पर जोर।
- अंगदान को मानवता का सबसे बड़ा दान बताया।
- डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड से सावधान रहने की अपील।
- युवाओं में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को लेकर बढ़ता उत्साह।
- भारतीय संस्कृति और ह्यपंच-प्राणह्न की सोच को दोहराया।
- अंगदान की कहानियों ने छुआ दिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे मन की बात के 131वें एपिसोड में देशवासियों को संबंधोति किया। मन की बात के 131वें एपिसोड में पीएम मोदी ने इस बार सिर्फ संवाद नहीं किया बल्कि भविष्य की दिशा का संदेश भी दिया। एआई से बदलती दुनिया, अंगदान से जुड़ी मानवीय संवेदनाएं और डिजिटल ठगी से बचने की चेतावनी इन तीन मुद्दों के जरिए पीएम मोदी ने देश को नए दौर के तीन बड़े मंत्र दिए। कार्यक्रम में टेक्नोलॉजी, समाज और नागरिक जिम्मेदारी का अनोखा संगम देखने को मिला। छोटे-छोटे उदाहरणों के जरिए उन्होंने बताया कि नया भारत सिर्फ डिजिटल नहीं, बल्कि संवेदनशील और जागरूक भी बन रहा है।

इस बार मन की बात में आम लोगों की प्रेरणादायक कहानियां रहीं। पीएम मोदी ने एआई समिट में भारत की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया अब भारत की तकनीकी क्षमता को गंभीरता से देख रही है। वहीं अंगदान करने वाले लोगों की कहानियों ने कार्यक्रम को भावनात्मक आयाम दिया। साथ ही डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर चेतावनी देकर उन्होंने नागरिकों को सतर्क रहने की अपील भी की।

**डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी पर चेतावनी :** प्रधानमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जागरूकता बढ़ने के बावजूद लोग अभी भी ठगी का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या सरकारी अधिकारी बनकर डराने वाले लोगों से सावधान रहें। डिजिटल युग में सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है जितनी सुविधा।

**नई सोच वाला नया भारत :** मन की बात के इस एपिसोड ने यह संदेश दिया कि भारत विकास के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों को भी आगे बढ़ा रहा है। एआई के जरिए आधुनिकता, अंगदान के जरिए संवेदनशीलता और डिजिटल जागरूकता के जरिए सुरक्षा ये तीनों मिलकर नए भारत की पहचान बन रहे हैं। पीएम मोदी का संदेश साफ था कि तकनीक तभी सफल है, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

**जयललिता को श्रद्धांजलि :** मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके जनसेवा और गरीबों के कल्याण के लिए किए गए कार्यों को याद किया। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि जयललिता जी उन नेताओं में थीं जिन्होंने हमेशा जनता को प्राथमिकता दी और अपने कार्यों से लोगों के दिलों में स्थायी स्थान बनाया। उन्होंने कहा कि आज भी जब वह तमिलनाडु जाते हैं तो लोगों के चेहरों पर ह्यअम्माह्न का नाम सुनते ही एक अलग चमक दिखाई देती है।

**केरल महाकुंभ पर क्या बोले पीएम :** पीएम मोदी ने कहा करीब ढाई शताब्दियों तक अपनी पुरानी भव्यता खो देने के बाद अब मामंगम परंपरा को फिर से जीवंत करने के प्रयास तेज हुए हैं। सांस्कृतिक पुनर्जागरण और विरासत संरक्षण की भावना के साथ स्थानीय समुदाय, धार्मिक संस्थाएं और प्रशासन मिलकर इस आयोजन को नई पहचान देने में जुटे हैं। यह केवल एक धार्मिक उत्सव का पुनरुद्धार नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन परंपराओं को आधुनिक पीढ़ी से जोड़ने का प्रयास भी है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ मेट्रो का किया उद्घाटन, साथ ही रैपिड रेल का विस्तार किया

## मेरठ में बोले पीएम मोदी- कांग्रेस, सपा, बसपा कर रहीं जहरीली राजनीति






**मेरठ।** मेरठ के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ मेट्रो का उद्घाटन कर दिया, साथ ही रैपिड रेल का विस्तार किया। इस दौरान आयोजित जनसभा में पीएम ने कहा कि कांग्रेस अपनी जहरीली और गंदी राजनीति को छोड़े।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेरठ को नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो की बड़ी सौगात दी। दोनों नेताओं ने दिल्ली के सराय काले खां से मोदीपुरम तक 82 किलोमीटर लंबे रैपिड कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मेरठ के मोहीउद्दीनपुर में आयोजित जनसभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस और अन्य दलों पर जमकर निशाना साधा।

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने कांग्रेस, सपा और बसपा को कहा था कि अपनी जहरीली राजनीति छोड़िए और आइए विकास के मुद्दे पर मुकाबला करके देखते हैं। लेकिन इन दलों ने अपनी जहरीली राजनीति नहीं बदली। भाजपा ने अपनी विकास की नीति को हमेशा सर्वोपरि रखा। इसका एक उदाहरण हमारी मेट्रो भी है। 2014 से पहले यानी कांग्रेस सरकार के समय में चार-पांच शहरों में मेट्रो थी, आज 25 से ज्यादा शहरों में मेट्रो चलने लगी है।

**कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू कर रहा देश :** मोदी ने कहा कि पूरा देश कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू कर रहा है। दुर्भाग्य देखिए, इतनी पुरानी पार्टी के नेता बेशर्मी के साथ देश की बेइज्जती करने वालों का जयकारा कर रहे हैं। ये मामला कांग्रेस की हरकतों का लगातार चल रहा है। संसद में खुद परफॉर्म नहीं कर पा रहे तो अपने साथी को भी बोलने का मौका नहीं देते। सदन को चलने नहीं देते। इसका सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस के साथी दलों को हो रहा है।

पाप कांग्रेस करती है, भुगतना साथियों को पड़ता है।

### पहले घोटालों में गुम हो जाते थे इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट

मोदी ने कहा कि जब देश में कांग्रेस की सरकार थी, तो ये सब संभव ही नहीं था। तब इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट घोटालों में गुम हो जाते थे। मेट्रो जैसी अधिकतर टेक्नोलॉजी हमें विदेशों से आयात करनी पड़ती थी। हमने घोटाले बंद किए। देश को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया। मेरठ और पश्चिम यूपी वालों का जीवन बदलने वाला है। अब एक ही स्टेशन से, एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल चलेगी। पीएम मोदी ने कहा कि हम तो वो लोग हैं, जो गांव में किसी के यहां शादी होती है तो पूरा गांव उसे सफल बनाने में जी-जान से जुट जाता है। ताकि मेहमान गांव की अच्छी छवि लेकर जाएं। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है। हम इसे भी सहन कर लेंगे। लेकिन कांग्रेस को याद रखना चाहिए था कि ये अकग्लोबल समिट भाजपा का कार्यक्रम नहीं था, न ही उस समय भाजपा का कोई नेता वहां था।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद के खिलाफ केस दर्ज, झूंसी थाने में हुई एफआईआर



**प्रयागराज।** ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ झूंसी थाने में एफआईआर दर्ज हो गई है। यह केस बच्चों के साथ यौन शोषण करने के आरोप में दर्ज किया गया है। इसमें दो तीन अन्य को भी नामजद किया गया है। यह एफआआईर स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट विनोद कुमार चौरसिया की अदालत के आदेश पर दर्ज हुआ है। शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य पर बच्चों का यौन शोषण करने आरोप लगाते हुए कोर्ट अर्जी दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने शनिवार को केस दर्ज करने का आदेश जारी किया था। जिसके बाद झूंसी थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। अब पुलिस बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ अन्य बिंदुओं पर जांच शुरू करेगी।

**यह है पूरा मामला :** इलाहाबाद जिला अदालत के आदेश पर झूंसी पुलिस ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद के खिलाफ दो बालकों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की निष्पक्ष जांच के लिए एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

यह आदेश पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने एक धर्मगुरु के शिष्य की ओर से बालकों के संरक्षक के रूप में दाखिल अर्जी पर पारित किया है। अर्जी में आरोप लगाया गया कि माघ मेला के दौरान गुरु सेवा के नाम पर दोनों बालकों का यौन शोषण किया गया।

अदालत ने पुलिस आयुक्त प्रयागराज से विस्तृत आख्या तलब की थी। साथ ही पीड़ित बालकों को न्यायालय में प्रस्तुत कर उनके बयान दर्ज कराए गए थे। बयानों व रिपोर्ट के आधार पर अदालत ने आरोपों को अत्यंत गंभीर माना। विभिन्न उच्च न्यायालय और भारत का सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का उल्लेख करते हुए अदालत ने कहा कि मामले की निष्पक्ष विवेचना आवश्यक है।

# 'कांग्रेस का अंतिम हिंदू नेता' भाजपा में शामिल, बदल जाएगी असम की राजनीति



**नई दिल्ली।** तीन दशक तक असम में कांग्रेस की राजनीति करने वाले भूपेन बोरा ने आज रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। 16 फरवरी को उन्होंने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद कांग्रेस के उच्च नेताओं ने उनसे अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए कहा था, लेकिन सभी अटकलों को विराम देते हुए बोरा ने रविवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। उनके भाजपा में शामिल होने से जहां सत्तारूढ़ भाजपा को बड़ी मनोवैज्ञानिक बढ़त मिली है, वहीं राज्य में सत्ता में वापसी के लिए संघर्ष कर रही कांग्रेस के लिए इसे बड़ा झटका माना जा रहा है।

भूपेन बोरा को भाजपा में लाने का श्रेय पूरी तरह मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा को दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई से कथित मतभेदों के कारण बोरा पार्टी में उपेक्षित महसूस कर रहे थे। वे कथित तौर पर कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण राजनीति से भी सहमत नहीं थे और समय-समय पर पार्टी के अंदर और बाहर हिंदू हितों की आवाज उठाते रहते थे। वे बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दों पर भी लगातार आक्रामक थे। संभवतः यही कारण था कि मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा उन्हें 'असम कांग्रेस में आखिरी प्रमुख हिंदू नेता' करार देते थे। आज उस नेता ने भी भाजपा का दामन थाम लिया।

**घुसपैठ और विकास पर केंद्रित भाजपा का चुनावी अभियान :** भाजपा असम में अपनी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए घुसपैठ का मुद्दा जमकर उछाल रही है। शनिवार को असम दौरे पर पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने भी घुसपैठ का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया।

# लश्कर की नई आतंकी चाल बेनकाब दिल्ली पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

## पर्दे के पीछे था बांग्लादेश में बैठा हैंडलर शब्बीर




**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। छह संदिग्धों को तमिलनाडु और दो को पश्चिम बंगाल से पकड़ा गया। इनपर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों के इशारे पर भारत में एक बड़ी आतंकी साजिश रचने का आरोप है। इन संदिग्धों के पास से कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है, जिसकी जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल के एडिशनल कमिश्नर प्रमोद सिंह कुशवाहा ने इस मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कई बड़े खुलासे किए हैं।

स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी, प्रमोद कुमार कुशवाहा ने बताया, 'स्पेशल सेल की एक टीम ने एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया जिसे बांग्लादेश में बैठे लश्कर के एक हैंडलर हैंडल कर रहा था। 7 फरवरी को, दिल्ली में कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन और आस-पास के कुछ मेट्रो स्टेशनों पर खंभों पर देश विरोधी पोस्टर चिपकाए गए थे। सीआईएसएफ ने इस पर ध्यान दिया और दिल्ली पुलिस की मेट्रो यूनिट को इसकी जानकारी दी। दिल्ली पुलिस मेट्रो यूनिट ने पोस्टर लगाने वालों की पहचान की और उनके रूट का पता लगाया। वे इस नतीजे पर पहुंचे कि ये लोग पश्चिम बंगाल, कोलकाता से आए थे और वे वापस कोलकाता चले गए थे। स्पेशल सेल की टीम कोलकाता गई। लोकल पुलिस की मदद से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें एक उमर फारूक की हुई था, जो मालदा का रहने वाला है और दूसरी गिरफ्तारी रोबिल उल इस्लाम की हुई थी, जो बांग्लादेश का रहने वाला है।'

उन्होंने आगे बताया, 'गिरफ्तार किए गए आरोपियो ने कि दिल्ली में कई जगहों पर भारत विरोधी पोस्टर लगाए गए थे, जिन पोस्टरों में आतंकवादियों की झलक थी, वे इन दोनों ने लगाए थे।

# शरद पवार फिर पड़े बीमार, पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में कराया गया भर्ती



**नई दिल्ली।** एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार को फिर से पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। पिछले दो हफ्तों में दूसरी बार उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पवार की बेटी और बारामती सांसद सुप्रिया सुले ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस के माध्यम से स्वास्थ्य अपडेट शेयर किया है।

पुणे मिरर की खबर के अनुसार, पवार फिलहाल मेडिकल ऑब्जर्वेशन में हैं और चिंता की कोई बात नहीं है।

9 फरवरी को शरद पवार के गले में संक्रमण, बुखार और छाती में जकड़न की शिकायत के कारण अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। स्थिति बेहतर होने पर उन्हें छुट्टी दे दी गई थी। इस बार भी डॉक्टर उनकी स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

**शरद पवार की स्थिति स्थिर :** महाराष्ट्र में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उनकी सेहत को लेकर चिंतित हैं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि उम्र के कारण वरिष्ठ नेताओं को नियमित जांच और सतर्कता की जरूरत होती है। शरद पवार की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

# टॉप नक्सल कमांडर 25 लाख के इनामी देवजी ने 16 साथियों के साथ समर्पण किया



**जगदलपुर।** नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और केंद्रीय समिति के सदस्य 25 लाख के इनामी देवजी ने अपने 16 नक्सली साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुष्टि करते हुए कहा कि बाकी बचे सभी नक्सलियों का भी जल्द ही आत्मसमर्पण करवाया जाएगा।

नक्सली देवजी मूल रूप से करीमनगर जिले का निवासी है और लंबे समय से नक्सली संगठन की केंद्रीय गतिविधियों में सक्रिय था। करीब आठ महीने पहले ही उसे संगठन का महासचिव बनाया गया था। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कैडरों को अगले एक-दो दिनों में अधिकारिक रूप से पेश किया जाएगा। राज्य सरकार प्रदेश में 31 मार्च तक नक्सलवाद को खत्म करने के लिए सुरक्षाबल के साथ बाकी बचे नक्सली कैडरों की घेराबंदी कर रही है। लगातार मुठभेड़ों और प्रमुख नेताओं के आत्मसमर्पण से नक्सलवाद अब अंतिम चरण में पहुंचता दिख रहा है।

नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और केंद्रीय समिति के वरिष्ठ सदस्य नक्सली कमांडर देवजी के आत्मसमर्पण पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बसव राजू के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद देवजी बड़ा नक्सली कैडर था, जिसने तेलंगाना में आत्मसमर्पण कर दिया है। कुछ नाम और शेष हैं, जो निष्क्रिय है, लेकिन उन्हें भी जल्द ही आत्मसमर्पण करवाया जाएगा।

# 'बिकाऊ लोगों को माफ नहीं करेगा बहुजन समाज' : मायावती



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में देश भर से आए बसपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि ऐसे लोग जो थोड़े से स्वार्थ के लिए बिक गए हैं। ऐसे बिकाऊ और गुलाम मानसिकता के लोगों को बहुजन समाज कभी माफ नहीं करेगा। ये लोग बीएसपी के कारण ही आगे बढ़े हैं।

ऐसे लोग जब बसपा के नहीं हुए समाज के कैसे हो सकते हैं। रविवार को राजधानी के माल एवेन्यू स्थित बसपा कार्यालय में हुई बैठक में 19 दिसंबर को हुई बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की राज्यवार प्रगति रिपोर्ट ली गई और कार्यकताओं से तन, मन और धन से पार्टी को आगे बढ़ाने की अपील की गई। मायावती ने कहा कि विपक्षी पार्टियां और उनकी सरकारें अपनी गरीब, किसान, बहुजन विरोधी और संकीर्ण नीतियों व भ्रष्ट कार्यकलापों के कारण तेजी से जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खोती जा रही हैं ऐसे में बसपा सभी के लिए उम्मीद बनकर उभरी है।

# सारुख बना शैतान: 10 रुपये का लालच देकर 10 साल के बच्चे संग किया कुकर्म




**लखनऊ।** यूपी के बुलंदशहर स्थित थाना खुर्जा नगर क्षेत्र के एक गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 10 वर्षीय मानसिक रूप से कमजोर बच्चे के साथ कुकर्म किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**बच्चे को 10 रुपये का लालच देकर ले गया था खेत :** यह मामला खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। आरोपी की पहचान सारुख के रूप में हुई है। सारुख ने मासूम बच्चे को मात्र 10 रुपये का लालच दिया था। इस लालच के बहाने वह बच्चे को अपने साथ सरसों के खेत में ले गया। वहीं उसने इस अमानवीय और जघन्य वारदात को अंजाम दिया।

**पूरे गांव में गुस्सा :** घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने तत्काल संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित बच्चे को तुरंत मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। इस घटना से पूरे गांव में गहरा सदमा और आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोग आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई :** पुलिस ने इस गंभीर मामले में त्वरित और गंभीरता से कार्रवाई की है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं कुमारी प्रियंका रानी पुत्री भगवत निवासी 283, प्रकाश पब्लिक विद्यालय, साबुन गोदाम जिला मेरठ। मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका (0745520) में पिता का नाम भगवत प्रसाद (BHAGVAT PRASAD) है जोकि त्रुटिपूर्ण है जबकि सही नाम भगवत (BHAGVAT) है। और इंटर की अंकतालिका (0475972) में पिता का नाम भगवत (BHAGVAT) है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फ्लैट संख्या-बी-103, टावर-बी, पहली मंजिल, एवीएस ऑर्चर्ड, जीएच-03 सी, एवीपी बिल्डटेक प्राईवेट लिमिटेड, सेक्टर-77, नोएडा-201301, श्री प्रमोद जैन पुत्र स्वर्गीय मुनि लाल जैन, 194, गगन विहार, दिल्ली-110051 को आवंटित फ्लैट के मूल क्रेता-निर्माता अनुबंध दस्तावेज खो गये हैं/गुम हो गये हैं।

जनता को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त फ्लैट के संबंध में कोई भी दावा या आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर लिखित में प्रस्तुत की जानी चाहिए।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली | सोमवार 23 फरवरी -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम | ट्वीट का करंट

Dr Anil Agrawal
4h

आज गाजियाबाद कविनगर स्थित आपका भवन में आयोजित एक सत्संग में रहना हुआ....!!




## प्रधानमंत्री के मंच वाली लिस्ट से रहे गाजियाबाद के दो विधायक दूर

# आसपास के जिलों के विधायकों को मिला स्थान, मगर गाजियाबाद के विधायकों का नहीं था लिस्ट में नाम







### प्रॉटोकॉल की व्यवस्था टाइट थी और इसके चलते गाजियाबाद के दो विधायकों को मंच से दूर रहना पड़ा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को मेरठ आये। उन्हें रैपिड रेल का उद्घाटन करना था। विकास की बात है और प्रधानमंत्री आ रहे हैं तो फिर आसपास के जनप्रतिनिधियों का ये प्रयास रहता है कि ऐसे में उन्हें भी प्रधानमंत्री का सानिध्य मिले। वो भी उस मंच का हिस्सा बनें जिस मंच से प्रधानमंत्री अपना संबोधन देंगे। राजनीति का ये गौरवमयी पल होता है। लेकिन एक तथ्य ये भी है कि प्रधानमंत्री का अपना प्रॉटोकॉल होता है। प्रधानमंत्री के मंच पर कौन रहेगा, कौन नहीं रहेगा इस प्रॉटोकॉल को फॉलो करते हुए पहले से ही नाम तय होते हैं और उसके बाद लिस्ट सुरक्षा बलों के पास आ जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब मेरठ में आये तो यहां पर मंच वाली कहानी में ट्विस्ट आ गया। लिस्ट आयी तो इस लिस्ट में गाजियाबाद जिले के दो विधायकों का नाम नहीं था। प्रॉटोकॉल की व्यवस्था टाईट थी और इसके चलते गाजियाबाद के दो विधायकों को मंच से दूर रहना पड़ा। दरअसल इस कार्यक्रम में गाजियाबाद सहित अन्य जिलों के जनप्रतिनिधि भी बुलाये गये थे। संगठन की दृष्टि से यहां जिलों का प्रॉटोकॉल था और महानगर इसमें अपेक्षित नहीं था। जिले के प्रॉटोकॉल के हिसाब से लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और मोदीनगर विधायक डा. मंजू सिवाच को बुलाया गया था। लेकिन प्रॉटोकॉल वाली लिस्ट भेजने वाले इस बात को बेहतर जानते हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि गाजियाबाद के दो विधायकों का नाम इस लिस्ट में नहीं था। सूत्र बताते हैं कि लिस्ट पहले संगठन स्तर पर तैयार हुई और यहां से नाम गये। इसके बाद ये नाम क्यों और कैसे खो गये। इसे प्रॉटोकॉल बनाने वाले बेहतर जानते हैं। लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंच पर आये तो मेरठ में हो रहे इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के मंच पर गाजियाबाद के दो विधायक ही नहीं थे। जो मंच बनाया गया था उस पर अन्य जिलों के विधायक तो नजर आये लेकिन लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और मोदीनगर विधायक डा. मंजू सिवाच इस मंच से दूर रह गये।

### जिस मंच पर थे नेता 46 उसी भीड़ में थे ये दोनों विधायक

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंच पर गाजियाबाद के दो विधायक नहीं पहुंच सके। लेकिन इस कहानी का रोचक पहलू ये भी रहा कि मुख्य मंच के बाद स्वागत करने वालों की एक भीड़ का जो मंच होता है, उसमें गाजियाबाद के दोनों विधायक थे। व्यवस्था के अनुसार मंच के पास ही एक दूसरा मंच बनाया जाता है और उस मंच पर वो लोग होते हैं जो पहले वाले मंच से दूर रखे जाते हैं। दूसरे वाले मंच पर 46 लोगों को नाम था। इन 46 लोगों को स्वागत करना था। 46 लोगों की ये भीड़ मंच के पास ही थी और इस भीड़ के लिए दूसरा मंच बनाया गया था। यहां पर इस भीड़ में गाजियाबाद के दो विधायक भी शामिल थे। जिसमें लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और मोदीनगर विधायक डा. मंजू सिवाच भी मौजूद थीं।




## संघर्ष की यादों से उपलब्धि तक पहुंची नमो भारत रैपिड रेल

# सरदार एसपी सिंह ने वर्ष 2013 की यादें साझा की

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ से दिल्ली तक नमो भारत रैपिड रेल का संचालन शुरू होने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व महानगर संयोजक सरदार एसपी सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, जिससे आवागमन, रोजगार और व्यापार को नई गति मिलेगी।

सरदार एसपी सिंह ने वर्ष 2013 की परिस्थितियों को याद करते हुए कहा कि उस समय राष्ट्रीय राजमार्ग 24 और 58 की हालत बेहद खराब थी। 22 फरवरी 2013 को उन्होंने सुनील शर्मा, अतुल गर्ग, विजय मोहन और बृजपाल सिंह तेवतिया के साथ पत्रकार वार्ता कर सड़कों की दयनीय स्थिति के विरोध में आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा कि उस समय क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं की लगातार अनदेखी हो रही थी।



करंट क्राइम। संवाददाताओं से वार्ता करते भाजपा के महानगर संयोजक सरदार एसपी सिंह, उनके दाएं हैं पूर्व विधायक सुनील शर्मा, बृजपाल तेवतिया, बाएं हैं विजय मोहन एवं क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष अतुल गर्ग।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद मेरठ एक्सप्रेसवे का निर्माण तत्काल प्रभाव से शुरू हुआ और रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया।

उसी विकास यात्रा की अगली कड़ी के रूप में अब सराय काले खां से मेरठ तक नमो भारत रैपिड रेल का संचालन शुरू होना पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। सरदार एसपी सिंह ने कहा कि रैपिड रेल परियोजना से क्षेत्र के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। दिल्ली और मेरठ के बीच सफर आसान होगा, समय की बचत होगी और औद्योगिक व व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आएगी। उन्होंने इसे दूरदर्शी नेतृत्व और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम बताया।

# गमगीन माहौल में हुआ स्व. एके मिश्रा का अंतिम संस्कार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुरादाबाद नगर निगम में लेखाधिकारी पद पर तैनात एके मिश्रा का निधन शनिवार को हो गया था। वो पिछले कुछ समय से गम्भीर बिमारी से झूझ रहे थे। उनका उपचार चल रहा था, शनिवार को उनका निधन हो गया। एके मिश्रा यानी अरूण कुमार मिश्रा गाजियाबाद नगर निगम में भी कई वर्षों तक लेखाधिकारी के पद पर तैनात रहे थे। उनका कार्यकाल काफी यादगार रहा और सबसे बड़ी बात ये थी कि कर्मचारी वर्ग से लेकर आम जनता के बीच वो काफी लोकप्रिय थे। उनका व्यवहार काफी मधुर और रवैया सहयोगात्मक रहता था। उनका पार्थिव शरीर लैन्डक्राफ्ट सोसायटी में स्थित उनके आवास एक्स-16 गोल्फ लिंक में लाया गया। बेहद गमगीन माहौल में रविवार को उनका अंतिम संस्कार हिन्डन घाट पर किया गया। स्वर्गीय अरूण कुमार मिश्रा रविार को पंच तत्व में वीलीन हो गये। मुखाग्नि उनके पुत्र ने दी। स्वर्गीय अरूण कुमार मिश्रा के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा तथा एक बेटी है। कोई



भी व्यक्ति अपने व्यवहार से अपनी कितनी लोकप्रिय छवि बनाने में कायम हुआ है इसका पता उसके दुनिया से जाने के बाद लगता है। लेखाधिकारी स्वर्गीय अरूण कुमार मिश्रा के निधन पर शोक व्यक्त करने लोग उनके आवास पर पहुंचे। यहां से उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई और शव को हिन्डन मोक्ष स्थल पर लाया गया। यहां नगर निगम के कर्मचारी, अधिकारी और समाज क विभिन्न वर्गों के लोग पहुंचे। बड़ी संख्या में निगम के ठेकेदार भी पहुंचे और उन्होंने स्वर्गीय अरूण कुमार मिश्रा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। ये व्यवहार था औरये ही संबंधों की कमाई थी कि जब स्वर्गीय अरूण कुमार मिश्रा की दुनिया से विदाई हुई तो उन्हें अंतिम सलामी देने के लिए चार रिटायर्ड नगरायुक्त भी पहुंचे। गाजियाबाद में नगरायुक्त पद पर तैनात रहे आईएएस अधिकारी अजय शंकर पांडेय, गाजियाबाद में ही नगरायुक्त पद पर रह चुक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी आरबी मौर्या और गाजियाबाद में नगरायुक्त पद पर रहे रिटायर्ड आईएएस बसंत लाल भी हिन्डन मोक्ष स्थल पहुंचे और स्वर्गीय अरूण कुमार मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुरादाबाद के जिलाधिकारी सहित प्रशासन के अधिकारी, मुरादाबाद निगम के अधिकारी भी आये और स्वर्गीय एके मिश्रा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। बेहद गमगीन माहौल रहा और अपने व्यवहार की एक छाप दुनिया में छोड़कर स्वर्गीय एके मिश्रा परलोक सिधार गये।

# क्या निगम की है कोई इंटरनल फाइट, मगर ये बात नहीं है राइट क्यों हो गयी मेयर सुनीता दयाल पार्षद एकता वाले मंच से लैफ्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आजकल सोशल मीडिया का युग है और अब राजनीति से लेकर सरकार तक सोशल मीडिया पर है। अपनी नाराजगी यहां अलग अलग तरीकों से व्यक्त की जाती है। इसे डिजिटल नाराजगी भी कहते हैं। नाराजगी के इन माध्यमों में अब किसी भी ग्रुप से लैफ्ट कर देना। जिससे बात ना करनी हो उसे ब्लॉक कर देना, आदि जैसी बातें शामिल हैं। डिजिटल युग में अब पॉलिटिक्स भी इस डिजिटल क्रांति को साथ लेकर चलती है। पॉलिटिकल हस्तियां भी डिजिटल बस्तियां बसाती हैं। वो व्हाटसअप ग्रुप में अपनी खुशी या नाराजगी जताते हैं। लेकिन कई बार इतने ग्रुप हो जाते हैं कि फोन हैन्ग हो जाता है। कई बार व्यक्ति इन ग्रुपों में चल रही बयानबाजी से भी इरीटेट हो




जाता है और वो खुद को ग्रुप से लैफ्ट कर देता है। ये नाराजगी जताने का एक अलग माध्यम है। लेकिन अगर कोई जनप्रतिनिधि अपने ही सदन वाले ग्रुप से लैफ्ट मार जाये तो इसके क्या मायने हैं। लैफ्ट होने का सीधा कनेक्शन किसी के राईट ना होने से जुड़ा होता है। जब मेयर सुनिता दयालने पार्षद एकता ग्रुप से खुद को रात में आठ बजे लैफ्ट किया तो फिर सब इसी बात का इंतजार कर रहे थे कि आखिर मेयर सुनिता दयाल ने क्यों खुद को ग्रुप से लैफ्ट कर लिया। पार्षद एकता ग्रुप पार्षदों का अपना ग्रुप है। इसे पार्षदों द्वारा ही संचालित किया जाता है। किसी भी मुददे को लेकर पार्षद अपनी अपनी राय रखते हैं। ये पार्षदों का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है और कहा जा सकता है कि ये उनका अपना मंच है। पार्षद निगम सदन कं सदस्य हैं और मेयर सुनिता दयाल गाजियाबाद नगर निगम परिवार की मुखिया हैं। पार्षद एकता का यह ग्रुप एक्टिव रहता है। इस पर सभी पार्षद अपनी राय रखते हैं। पार्षदों ने इस ग्रुप पर मेयर सुनिता दयाल को भी जोड़ा हुआ है। मेयर सुनिता दयाल भी इस ग्रुप पर एक्टिव रहती है और कई बार इस पर अपनी राय रखती हैं। पार्षद भी अपनी एकता जताते हुए इस ग्रुप पर एक्टिव रहते हैं। वो शोक संदेश से लेकर निगम के टूर तक सब बातें यहां साझा करते हैं। मगर शनिवार की रात को कुछ ऐसा हो गया कि पार्षद एकता वाले इस समूह से ही मेयर सुनिता दयाल ने खुद को लैफ्ट कर लिया। मेयर खुद पार्षद हैं और अगर उन्होंने पार्षदों के ग्रुप से खुद को लैफ्ट किया है तो ये चर्चा उठ गयी कि मेयर के इस कदम को राईट नहीं कहा जा सकता। वजह तलाशी जाने लगी कि आखिर ऐसा क्या हुआ है कि मेयर सुनिता दयाल ने खुद को इस समूह से लैफ्ट कर लिया है। जबकि ये वो ग्रुप है जहां पार्षद एकता का नारा गूंजता रहता है। ये नगर निगम का भी अहम ग्रुप माना जाता है। ये वही ग्रुप है जहां टूर का प्रोग्राम बनता है। जहां पार्षद किसी बात को लेकर रोष भी जताते हैं, अगर कोई ऐसी बात हुई है तो शोक भी जताते हैं। लेकिन जब मेयर ने इस ग्रुप से लैफ्ट किया तो चर्चा होने लगी। सूत्र बताते हैं कि शनिवार की रात्रि लगभग 8:40 बजे मेयर सुनिता दयाल ने खुद को इस ग्रुप से अलग कर लिया। डिजिटल भाषा में उन्होंने खुद को इस ग्रुप से लैफ्ट किया। अब चर्चा ये है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि मेयर उस ग्रुप में रहना ही नहीं चाहती जिसमें पार्षद एकता का नारा गूंज रहा हो।

अब चर्चा ये है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि लैफ्ट होने के लिए सुबह का भी इंतजार नहीं किया गया। क्या मेयर सुनिता दयाल नाराज हैं। क्या पार्षदों के किसी शब्द ने उन्हें आहत किया है। क्या वो पार्षद एकता वाले ग्रुप पर नहीं जुड़े रहना चाहती। जो भी होमेयर का इस तरह से लैफ्ट हो जाना सबको हैरान कर रहा है।




दीपक भाटी
समाचार सम्पादक

- क्यों कहा कहने वाले ने कि जीडीए की किस लिस्ट में आ गया नदियापार के केसरिया देवतुल्य का नाम? सुना है केसरिया चौधरी करते हैं विकास वाले प्राधिकरण में लोगों की लिखित शिकायत करने का काम? क्यों कहा कहने वाले ने कि एप्लिकेशन वाले प्रोफेशन में हैं काफी दाम? शिकायत बिजनेस वाली इस लिस्ट में है और भी कई नाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वालों के पुतला दहन में क्या नहीं जुट पाये 50 भी भाजपाई? गिनने वाले ने गिनकर पुतला फूंकने वालों की डिजिट बताई? कहने वाले ने कहा कि पुतला दहन में जुटे थे गिनती के 26 भाजपाई? फिर क्यों लगाकर दे दिया देने वाले ने हिसाब? अगर मंडल अध्यक्ष से लेकर महानगर की टीम भी जोड़ें तो हो जाते हैं 50 से अधिक नाम? कहने वाले ने कहा कि सूचना ही नहीं पहुंची होगी श्रीमान, वरना 50 की संख्या जुटाना तो फूल वालों के लिए है बेहद आसान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वालों के बीच तब बज रहा है गुटबाजी का सोटा? जब पड़ा हुआ है उनके यहां नयी ज्वाईनिंग का भी टोटा? कहने वाले ने कहा कि जिनके बसका नहीं है चार आदमी भी धरने पर बुलाना? वो नेता भी कर देते हैं बयां किसी कमी का फसाना? हाथ वाले नेता ने कहा कोई बैन्ड वालों को बुलाकर बता देता है कांग्रेस का वर्कर? कोई दस रिक्शे वालों को बताता है अपना सपोटर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जीडीए की शिकायत वाली लिस्ट में अगर खुद गये नाम तो आ जायेगा ट्विस्ट? कहने वाले ने कहा कि इसमें पूर्व पार्षदों से लेकर मौजूदा पार्षदों के नामों का भी हुआ है जिक्र? क्या ये लिस्ट किसी बड़े दरवाजे पर जाने के लिए कराई है जीडीए ने तैयार? कहने वाले ने कहा कि इस लिस्ट को तैयार कराने का है कुछ तो आधार? उसने बता दिया कि कहानी में आयेगा होली के बाद रंग? ऐसा खुलासा होगा कि लोग रह जायेंगे दंग?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के किस ओबीसी पार्षद ने कर लिया चौधरी साहब की स्टैचु के नाम पर डोनेशन का कलैक्शन? सुना है चौधरी साहब के नाम पर आये थे जो पैसे उनसे बनवा ली मैम्बर साहब ने अपनी माता जी की मूर्ति? अब इस बात को क्यों उठा रहे हैं पड़ौस वाले वार्ड के मैम्बर पहलवान? क्या उन्होंने कह दिया कि कोई बात नहीं अगर चंदा लेकर भी उन्होंने काम नहीं किया चंगा? हम लगवा देंगे चौधरी साहब की मूर्ति उनके वार्ड में? हम नहीं चाहते कि इस बात को लेकर हो पार्टी का नाम गंदा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम वाला विकास का सिस्टम अब नहीं आ रहा है निगम के ठेकेदारों को उतना रास? कहने वाले ने कहा कि टैंडर का मिले भले ही ना कोई पर्चा? मगर टैन्डर भरने में ही हो जाता है काफी खर्चा? गर्ग ठेकेदार ने जब रखी मन की बात? उसने कहा ढ़ाई सौ टैन्डर भरे मगर सात में ही सुनी गयी बात? लाटरी सिस्टम ने कर दिया है ठेकेदारों को अब काफी निराशा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जमीन को लेकर किस लीडर के यहां चल रहा है मामला रिश्तेदारी का कुछ वीक? सुना है अमरोहा वाली लैन्ड को लेकर बज रहा है नाराजगी का बैन्ड? कहने वाले ने कहा कि किस्से में शामिल है तीन जिलों की लैन्ड? लैन्ड का एक मालिक इस जिले में और लैन्ड के तार जिले हैं उस जिले में और लैन्ड की रजिस्ट्री हुई है तीसरे जिले में?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि किस गोल्ड व्यापारी को मिल गयी है बड़ी वाली धमकी? सुना है व्यापारी के पास है भाजपा में कोई मंडल वाला पद? क्या मांग ली गयी व्यापारी से कुछ खोखों की रंगदारी? कहने वाले ने कहा कि व्यापार मंडल से लेकर भगवा सियासत तक क्यों हैं साईलेंट? क्या दिल्ली गेट वालों की बात में कही है कोई डेंट?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा के पास रहता है हमेशा इतना तो मेला? वो अगर बीस मंडल अध्यक्ष बुलाते और साथ में आते पार्षद तो महानगर की टीम के साथ संख्या पहुंच जाती 50 के पार? इससे ज्यादा कार्यकर्ता तो आ जाते हैं पूजन और हवन में ? जब महानगर वाले खुद थे मोर्चे पर तो फिर क्यों नहीं पहुंचे देवतुल्य इस दहन में? कहने वाले ने कहा कि कुछ तो गड़बड़ लग रही है और कुछ तो चल रहा है किसी के जहन में?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम वाली तकरार के बाद क्या कॉपी वाली दीदी का होता रहा था जिक्र? क्या दीदी के बहाने साधा गया था कहीं और निशाना? कहने वाले ने कहा कि उन्हें भी इतना स्पष्ट नहीं बोलना चाहिए था? बात जब दिल पर लग जाती है तो फिर दल का भी बन जाता है अफसाना? गूंज रहा है फूल वालों में भगवा मैम्बर की दीदी वाले पेज का तराना?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## संपादकीय

# चीनी निवेश

चीन के साथ दुनिया भर की मझोली शक्तियां अपने आर्थिक रिश्तों का पुनर्परीक्षण कर रही हैं। कनाडा और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री तथा फ्रांस के राष्ट्रपति ने हाल ही में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की है और वे आपसी रिश्तों को नए सिरे से बहाल करने की उम्मीद कर रहे हैं। यूरोपीय समुदाय अपने बाजार को चीनी वस्तुओं के लिए खोलने के खतरे और चीनी कंपनियों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला में शामिल रखने के बीच संतुलन कायम करने के लिए जूझ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप भी कुछ सप्ताह बाद चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं और उस दौरान भी काफी कुछ घटित होने की उम्मीद है। इस संदर्भ में यह अहम है कि भारत भी एक बार फिर चीन के निवेश को लेकर अपनी मौजूदा रणनीति के लाभ-हानि का आकलन करे। अक्सर इस निवेश को 2020 में जारी किए गए प्रेस नोट 3 से जोड़कर देखा जाता है। उसके तहत कहा गया था कि भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले सभी देशों से आने वाले निवेश पर तमाम तरह के प्रतिबंध लागू रहेंगे। उनमें समय के साथ कुछ शिथिलता दे दी गई है। परंतु इस रियायत की तदर्थ प्रकृति के कारण यह संकेत निकलता है कि अब वक्त आ गया है कि इस क्षेत्र में देश की रणनीति की अधिक व्यापक समीक्षा की जाए।

सरकार ने यह दिखाया है कि वह कुछ कंपनियों और पारिस्थितिकी तंत्रों के लिए शर्तों को शिथिल करने के लिए तैयार है। इसका एक बड़ा उदाहरण मोबाइल निर्माण है, विशेष रूप से वह विशाल नेटवर्क जिसमें उप ठेकेदार, कलपुर्जा आपूर्तिकर्ता और डिजाइन शॉप्स शामिल होते हैं, जो चीन के पर्ल रिवर डेल्टा में ऐपल इंक के हितों के इर्दगिर्द मौजूद हैं। जब ऐपल ने स्पष्ट कर दिया कि भारत में निर्माण की उसकी योजना तब तक संभव नहीं होगी जब तक कि उसके कई ठेकेदार चीन से उपलब्ध न हों, तो कथित तौर पर विभिन्न मामलों में नियमों को ढीला किया गया। लेकिन आगे की योजना यही नहीं हो सकती। पहला कारण यह है कि सरकार आमतौर पर किसी विशेष उद्योग या उस उद्योग के भीतर कंपनियों के दीर्घकालिक विजेताओं को चुनने की सबसे अच्छी स्थिति में नहीं होती। दूसरा कारण यह है कि इससे किसी भी क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनियों और छोटे उद्यमों के बीच बड़ा अंतर स्थापित हो जाता है। बड़ी कंपनियां छूट के लिए दबाव बना सकती हैं, जबकि छोटे उद्यम जो आर्थिक गतिशीलता प्रदान करते हैं, कार्यबल का बड़ा हिस्सा संभालते हैं, वे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से बाहर रहते हैं और नीति के कारण नुकसान में पड़ जाते हैं। नीति को इस तरह से नहीं बनाया जाना चाहिए कि वे असुविधा में पड़ें।

पिछले चार वर्षों के अनुभव को देखते हुए प्रेस नोट 3 की व्यापक तार्किकता की भी जांच की जानी चाहिए। चीन से निवेश को बाहर करने का क्या अर्थ है? समस्या स्पष्ट रूप से चीन से आने वाली सरकारी पूंजी से है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- सोने जाने के पहले बिस्तर पर 93 प्रतिशत लोग अपने सोने के लिए मिलने वाले घंटे गिनते हैं।
- हंसने से 50 प्रतिशत तक मानसिक दवाब कम होता है।
- गर्म तरल पेय पीने से दूसरों पर भरोसा बढ़ता है।
- आपके दोस्त आपकी जरूरत हैं। उनके साथ होने से होने से आपके शरीर की क्षमता 75 प्रतिशत तक बढ जाती है।
- जो लोग दूसरों की मदद करने में खुशी महसूस करते हैं उनकी उम्र लंबी होती है और उन्हें कम मानसिक दबाव होता है।
- कोई फैसला लेने में कठिनाई आ रही है एक सिक्का हवा में उछालिए। इसके नतीजे पर फैसला नहीं लेना है बल्कि जब सिक्का हवा में ही होगा आप को समझ आ जाएगा कि क्या चाहते हैं।
- जब आप खुश होते हैं आप गाने की धुन का आनंद उठाते हैं और अगर आप दुखी होते हैं तो आप गीत के शब्दों को समझते हैं।
- नाखून को शुरूआती हिस्से से आखिरी हिस्से तक बढने में पूरे 6 महीने लगते हैं।
- अगर आप कम सोते हैं तो आपके वजन बढने की संभावना बढ जाती है।

# भारत ने बदली कच्चे तेल की रणनीति

## प्रतिबंधों के बीच में सऊदी अरब को मिला फायदा, रूस से क्रूड फ्लो हुआ कम

**नई दिल्ली।** वैश्विक प्रतिबंधों और भू-राजनीतिक दबाव के बीच भारत ने कच्चे तेल आयात की अपनी रणनीति में संतुलित बदलाव शुरू किया है। हाल के आंकड़े बताते हैं कि सऊदी अरब फिर से भारत के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में उभर रहा है, जबकि रूस से आने वाला तेल घटा है। यह बदलाव अचानक नहीं, बल्कि चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है ताकि ऊर्जा सुरक्षा बनी रहे और रिफाइनरियों का काम प्रभावित न हो।

1 से 18 फरवरी के बीच भारत का कुल कच्चा तेल आयात औसतन 48.5 लाख बैरल प्रतिदिन रहा, जो जनवरी के 52.5 लाख बैरल प्रतिदिन से करीब 8 प्रतिशत कम है। जहाजों के आंकड़ों के अनुसार रूस से आयात दिसंबर 2025 में 12.8 लाख बैरल प्रतिदिन था।

यह जनवरी में घटकर 12.2 लाख और फरवरी की शुरूआत में लगभग 10.9 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। विशेषज्ञों का अनुमान है कि मार्च में यह 8 से 10 लाख बैरल प्रतिदिन के बीच रह सकता है।

**प्रतिबंधों का सीधा असर :** यूक्रेन युद्ध के बाद भारत ने रियायती दरों पर रूसी तेल की खरीद बढ़ाई थी। एक समय रूस भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन गया था और कुल आयात का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा



दे रहा था। लेकिन अमेरिका और यूरोपीय संघ के नए प्रतिबंधों के कारण अब रूसी तेल पर दबाव बढ़ गया है। भुगतान, शिपिंग और बीमा से जुड़ी दिक्कतों ने भी प्रवाह को प्रभावित किया है।

**सऊदी की मजबूत वापसी :** रूस से आयात घटने के बीच सऊदी अरब से आपूर्ति बढ़ी है।

फरवरी में सऊदी से आयात 10 से 11 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच सकता है, जो नवंबर 2019 के बाद का उच्च स्तर है। मौजूदा रुझान के अनुसार फरवरी में सऊदी भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन सकता है। इसके बाद रूस और इराक का स्थान रहेगा।

**लागत और विकल्प की चुनौती :** विशेषज्ञों का कहना है कि रूसी तेल कम होने से औसत लागत 2 से 3 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती है। वेनेजुएला से सीमित मात्रा में सस्ता तेल खरीदकर कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन वह रूस की जगह पूरी तरह नहीं ले सकता। उत्पादन और लॉजिस्टिक सीमाओं के कारण वेनेजुएला की आपूर्ति सीमित है।

विश्लेषकों का मानना है कि भारत पूरी तरह रूस से दूरी नहीं बना रहा है, बल्कि संतुलन बना रहा है। घरेलू ईंधन आपूर्ति और रिफाइनरी संचालन को ध्यान में रखते हुए रूस से न्यूनतम आवश्यक आयात जारी रह सकता है। जब तक भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अंतिम रूप नहीं ले लेता, तब तक यह संतुलित नीति जारी रहने की संभावना है। अब भारत के लिए कीमत के साथ-साथ भू-राजनीतिक समीकरण भी उतने ही महत्वपूर्ण हो गए हैं।

# ट्रंप के 15% टैरिफ से भी भारत को लाभ

## किन उत्पादों पर लगेगा शुल्क और किन पर नहीं?

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत कई देशों पर लगाए गए ऊंचे पारस्परिक शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) को घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया है, जिस का भारत को सीधा लाभ होगा। पहले भारत से अमेरिका जाने वाले सामान पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ (शुल्क) लग रहा था। अब 24 फरवरी 2026 से यह घटकर 15 प्रतिशत रह जाएगा। यह फैसला 150 दिनों के लिए अस्थायी तौर पर लागू रहेगा। 20 फरवरी को व्हाइट हाउस की ओर से इसका आधिकारिक आदेश जारी किया गया।

टैरिफ या आयात शुल्क वह टैक्स है, जो कोई देश दूसरे देश से आयात होने आने वाले सामान पर लगाता है। जब कोई कंपनी विदेश से सामान मंगाती है, तो उसे सरकार को यह शुल्क देना पड़ता है। आमतौर पर कंपनियां यह अतिरिक्त खर्च ग्राहकों से वसूल लेती हैं। यानी टैरिफ बढ़ता है तो सामान महंगा हो जाता है। उदाहरण के तौर पर अगर किसी उत्पाद पर 5 प्रतिशत सामान्य आयात शुल्क है और सरकार 15% अतिरिक्त टैरिफ लगा देती है, तो कुल शुल्क 20% हो जाएगा। भारत-अमेरिका के बीच पहले चरण के व्यापार समझौते का कानूनी मसौदा तैयार करने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल 23 फरवरी से वाशिंगटन में बैठक करेगा। दोनों देश अगले माह समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं।

रेसिप्रोकल टैरिफ यानी पारस्परिक शुल्क शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले अमेरिका ने किया। 2 अप्रैल 2025 को ट्रंप प्रशासन ने भारत सहित करीब 60 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य यह बताया गया था कि अमेरिकी निर्यातकों को समान अवसर दिया जाए। इसका मतलब है, अगर कोई देश अमेरिकी सामान पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाता है, तो अमेरिका भी उस देश से आने वाले सामान पर उतना ही शुल्क लगाएगा।




### किन सामानों पर 15% शुल्क नहीं लगेगा?

कुछ जरूरी वस्तुओं को अस्थायी शुल्क से छूट दी गई है। इनमें कुछ महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा उत्पाद, उर्वरक, प्राकृतिक संसाधन, कुछ कृषि उत्पाद जैसे टमाटर, संतरा, दवाएं, दवा बनाने की सामग्री, कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामान, यात्री वाहन, बसें और कुछ ऑटो पार्ट्स और कुछ एयरोस्पेस उत्पाद पर अमेरिका की घरेलू जरूरतों को ध्यान में रखते हुए छूट दी गई है।

### भारत से अमेरिका को निर्यात

- दवाएं और जैविक उत्पाद : 8.1 अरब डॉलर
- टेलीकॉम उपकरण : 6.5 अरब डॉलर
- कीमती और अर्ध-कीमती पत्थर : 5.3 अरब डॉलर
- पेट्रोलियम उत्पाद : 4.1 अरब डॉलर
- वाहन और ऑटो पार्ट्स : 2.8 अरब डॉलर

### अमेरिका से भारत को आयात

- कच्चा तेल : 4.5 अरब डॉलर
- पेट्रोलियम उत्पाद : 3.6 अरब डॉलर
- कोयला और कोक : 3.4 अरब डॉलर
- कट और पॉलिश हीरे : 2.6 अरब डॉलर
- इलेक्ट्रिक मशीनरी : 1.4 अरब डॉलर
- विमान और पुर्जे : 1.3 अरब डॉलर
- सोना : 1.3 अरब डॉलर

## अदाणी पोर्ट्स, एनएमडीसी और वेले ब्राजील मिलकर विकसित करेंगे

# 'आयरन ओर' के लिए एसईजेड आधारित इकोसिस्टम

**अहमदाबाद।** अदाणी बंदरगाह और विशेष आर्थिक क्षेत्र (एपीएसईजेड) ने अपनी सहायक कंपनी अदाणी गंगावरम पोर्ट लिमिटेड (एजीपीएल) के माध्यम से सरकारी कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड और वेले एस.ए. (वेले ब्राजील) के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह एमओयू भारत-ब्राजील बिजनेस फोरम शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षरित किया गया। इसके तहत गंगावरम पोर्ट पर आयरन ओर ब्लेंडिंग सुविधा और एक समर्पित विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के विकास के लिए रणनीतिक ढांचा तैयार किया जाएगा।



समझौते पर ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा की आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी उपस्थित रहे, जो भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी के मजबूत होते संबंधों को दशार्ता है।

एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा कि यह सहयोग वैश्विक सप्लाई चेन में भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए भविष्य-उन्मुख और लचीला बुनियादी ढांचा विकसित करने की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले खनिज लॉजिस्टिक्स को उन्नत बंदरगाह क्षमताओं के साथ जोड़कर उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ देश की व्यापक आर्थिक वृद्धि में योगदान दिया जाएगा।

# फोनपे ने माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री के साथ एआई-संचालित नेचुरल लैंग्वेज सर्च किया लॉन्च




**नई दिल्ली।** फोनपे ने शनिवार को माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री आधारित एक नया एआई-संचालित नेचुरल लैंग्वेज सर्च फीचर लॉन्च किया है। इससे यूजर्स साधारण आवाज या टेक्स्ट कमांड के जरिये एप में आसानी से नेविगेट (संचालन) कर सकते हैं, भुगतान कर सकते हैं और अपने ट्रांजैक्शन ट्रैक कर सकते हैं।

कंपनी के अनुसार, यह फीचर डिजिटल पेमेंट को अधिक सरल, तेज और सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार किया गया है। इस फीचर के जरिए पारंपरिक मेन्यू-आधारित संचालन की जगह अब इंटेंट-आधारित रूटिंग मिलेगी। इससे यूजर बातचीत की तरह अपने काम पूरे कर सकेंगे। जैसे हेमंत को 20 रुपये भेजो कहने पर सीधे भुगतान स्क्रीन खुलेगी और सही रिसीवर पहले से चयनित होगा।

वहीं, फॉस्टटैग रिचार्ज या सोने का भाव टाइप करने पर यूजर सीधे संबंधित सेवा या जानकारी पेज पर पहुंच जाएगा। यह टूल केवल सर्च तक सीमित नहीं है, बल्कि यूजर के इरादे को समझकर भुगतान, खरीदारी या सहायता से जुड़े कामों को पूरा करता है।

## राशिफल

**मेष :** व्यस्त दिनचर्या के बावजूद सेहत अच्छी रहेगी। अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित स्थान पर रखें, जिसे आप भविष्य में पुन: प्राप्त कर सकते हैं।

**वृष :** आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। अगर आप आयात-निर्यात क्षेत्र से जुड़े हैं तो आपको फायदा होगा।

**मिथुन :** आज आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए क्योंकि मानसिक तनाव हावी रहेगा और स्वास्थ्य भी कमजोर हो सकता है।

**कर्क :** आज अचानक धन लाभ होने की संभावना है। व्यापार के मामले में आज लाभदायक विकास संभव है, जिसका भविष्य में आपको अच्छा परिणाम मिलेगा।

**सिंह :** अपने अंदर अतिरिक्त ऊर्जा महसूस करेंगे। आज आपको आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आपके करियर को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला :** आज के दिन आपको नौकरी में परिवर्तन की संभावना नजर आ रही है अत: सावधान रहें। परिवार के बुजुर्गों का स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक :** पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। रिश्तेदारों से कोई बड़ा तोहफा मिल सकता है। व्यापारिक यात्राएं लाभप्रद रहेंगी। किए अच्छे काम की तारीफ हो सकती है।

**धनु :** इस समय आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है, इसलिए यदि आवश्यक हो, तो बीमार पड़ने से पहले आवश्यक दवा लें।

**मकर :** आज का दिन शुभ रहेगा। किसी काम में आपको दोस्तों की मदद मिल सकती है। कई दिनों से फंसा हुआ आपका पैसा आपको वापस मिल सकता है।

**कुंभ :** आज के दिन को अच्छा बनाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। लव लाइफ में आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा।

**मीन :** व्यावहारिक मामलों को निपटाने में सफल रहेंगे। आपका अच्छा व्यवहार दूसरों को प्रभावित करने में आपकी मदद करेगा। आप अपने प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि करेंगे।

## चुटकुले

बैठे-बैठे अचनक विचार आया कि...
सब लोग इज्जत की रोटी कमाना चाहते हैं...
लेकिन...
कोई इज्जत की सब्जी क्यों नहीं
कमाना चाहता...!!

परेशान पप्पू ने गप्पू से कहा...
पता नहीं दूसरों के घर वाले लव मैरिज के लिए
कैसे मान जाते हैं...
यहां तो अपनी पसंद की सब्जी भी मांग लो तो जूते
पड़ते हैं...!!!

डॉक्टर - आपके अंदर आयरन
की कमी है!
पप्पू - तो क्या करूं, कीलें खाऊं
या सरिया...!!!

## 23 02 2026 करंट क्राइम

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# भारत ने जीता महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स का खिताब, फाइनल में बांग्लादेश को 46 रन से रौंदा



**बैंगकॉक।** महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 का खिताब भारत ए ने जीत लिया। रविवार को बैंगकॉक में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने 20 ओवर में सात विकेट पर 134 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.1 ओवर में सिर्फ 88 रन ही बना सकी।

महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 का खिताब भारत ए ने जीत लिया। रविवार को बैंगकॉक में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने तेजल हसबनीस की नाबाद अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 134 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.1 ओवर में सिर्फ 88 रन ही बना सकी। भारत ने यह मुकबला 46 रन से जीत लिया।

भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका

सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ाने उतरेगी भारतीय टीम, इतने बजे से खेला जाएगा मुकाबला

**लगातार दूसरी बार भारत बना विजेता**

यह भारत की लगातार महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स में दूसरी जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने 2023 में बांग्लादेश को हराकर खिताब अपने नाम किया था। इस टूनार्मेंट का पहला संस्करण हॉन्गकॉन्ग में खेला गया था। फाइनल में भारत ने 20 ओवर में सात विकेट पर 127 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.2 ओवर में सिर्फ 96 रन ही बना सकी।

# बेटे अगस्त्य और पूर्व पत्नी स्टैनकोविक के लिए हार्दिक का चार करोड़ का तोहफा



**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और नताशा स्टैनकोविक के अलगाव के बाद भी उनके रिश्ते में परिपक्वता दिख रही है। हाल ही में नताशा को बेटे अगस्त्य के साथ चार करोड़ रुपये की एसयूवी कार के साथ देखा गया, जिससे चर्चा तेज हो गई। सोशल मीडिया पोस्ट ने अटकलों को और हवा दी। दोनों अपने बेटे की संयुक्त परवरिश को प्राथमिकता दे रहे हैं।

भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और उनकी पूर्व पत्नी नताशा स्टैनकोविक भले ही अलग हो चुके हों, लेकिन अपने बेटे अगस्त्य की परवरिश को लेकर दोनों की समझदारी लगातार चर्चा में है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक नई लग्जरी एसयूवी को लेकर फैंस हैरान रह गए। काले रंग की इस शानदार कार की कीमत करीब तीन से चार करोड़ रुपये बताई जा रही है। नताशा को बेटे अगस्त्य के साथ इस कार के पास पोज देते देखा गया, जिसके बाद यह खबर तेजी से वायरल हो गई। बताया जा रहा है कि यह कार हार्दिक ने बेटे अगस्त्य के लिए खरीदी है। अगस्त्य के साथ स्टैनकोविक भी कार शो रूम साथ पहुंचीं। अगस्त्य स्टैनकोविक के साथ ही रह रहे हैं।

इस मौके की तस्वीरें वाहन निमार्ता कंपनी ने खुद साझा कीं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'हार्दिक पांड्या ने एक बार फिर हमारी कंपनी को अपनी लग्जरी गाड़ी खरीदने के लिए चुना। विश्वास पर बना रिश्ता। उत्कृष्टता पर आधारित निर्णय। मुंबई में अगस्त्य पांड्या और स्टैनकोविक को डिलीवर की गई लैंड रोवर डिफेंडर।' इस कैप्शन के बाद यह चर्चा और तेज हो गई कि क्या यह कार हार्दिक की ओर से एक खास तोहफा है।

**अलगाव के बाद भी जिम्मेदारी**

जुलाई 2024 में आधिकारिक रूप से अलग होने के बाद भी हार्दिक और नताशा ने बेटे अगस्त्य की संयुक्त परवरिश को प्राथमिकता दी है। दोनों को कई मौकों पर बेटे के साथ समय बिताते देखा गया है। हार्दिक का नाम हाल ही में अभिनेत्री माहिका शर्मा के साथ जुड़ने की खबरों में भी रहा, लेकिन उन्होंने हमेशा यह स्पष्ट किया है कि उनका बेटा उनकी पहली प्राथमिकता है। हार्दिक ने हाल ही में गर्लफ्रेंड माहिका के जन्मदिन पर एक क्यूट वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में दोनों निजी पल बिताते दिखे थे। हार्दिक भारत के टी20 विश्वकप मैचों में भी माहिका के साथ दिखे थे, जिस पर काफी विवाद भी हुआ था।

**नताशा की नई शुरूआत**

दूसरी ओर, नताशा स्टैनकोविक भी अपने करियर और फिटनेस पर ध्यान दे रही हैं। हाल के इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'मैं फिर से प्यार के लिए खुली हूं और जीवन की चुनौतियों ने मुझे और मजबूत बनाया है।' यह बयान उनके आत्मविश्वास और नई शुरूआत की ओर इशारा करता है।

**सुनील गावस्कर**

चाहे यह कार हार्दिक की ओर से दिया गया उपहार हो या कोई अन्य निर्णय, लेकिन इस घटना ने एक बात साफ कर दी है कि अलगाव के बाद भी परिपक्वता और सम्मान के साथ आगे बढ़ा जा सकता है। मुंबई की सड़कों पर दौड़ती यह लग्जरी कार सिर्फ ग्लैमर का प्रतीक नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और समझदारी की मिसाल भी बन गई है।

# टी-20 में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 60 फीसदी मैच जीते

**अहमदाबाद।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 में 35 मुकाबले हुए हैं, जिनमें भारत ने 60 प्रतिशत मैच जीते हैं। डेविड मिलर सबसे ज्यादा रन और छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं, जबकि अर्शदीप सिंह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में भी भारत का रिकॉर्ड बेहतर रहा है। सुपर-8 में यह टक्कर रोमांच से भरपूर रहने वाली है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें आज सुपर-8 चरण में आमने-सामने होंगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि 2024 टी20 विश्वकप फाइनल में भारत की जीत ने इस प्रतिद्वंद्विता को और रोमांचक बना दिया है इतिहास और मौजूदा फॉर्म दोनों ही इस मुकाबले को खास बना रहे हैं।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 मुकाबले हमेशा रोमांच से भरे रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि इस फॉर्मेट में टीम इंडिया का पलड़ा थोड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच 2006 से अब तक 35 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं, जिनमें भारत ने 21 मुकाबले जीते, दक्षिण अफ्रीका ने 13 मैच अपने नाम किए, जबकि एक मुकाबला बेनतीजा रहा। यानी जीत का प्रतिशत करीब 60 फीसदी भारत के पक्ष में रहा है।

टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में भी भारत का प्रदर्शन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेहतर रहा है। दोनों टीमों के बीच विश्व कप में अब तक सात



मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें से पांच भारत ने जीते हैं। दक्षिण अफ्रीका ने सिर्फ दो मैच जीते हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्वकप में पिछली बार साल 2024 टी20 विश्वकप के फाइनल में आमने-सामने आए थे। इस मुकाबले को भारत ने सात रन से जीता था। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप चरण में भारत ने सभी चार मैच जीतकर दबदबा कायम रखा। यूएसए, नामीबिया, पाकिस्तान और नीदरलैंड्स को हराकर टीम इंडिया सुपर-8 में पहुंची। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने भी कनाडा, अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड और यूएई के खिलाफ जीत दर्ज कर शानदार लय दिखाई। दोनों टीमें अजेय रफ्तार के साथ सुपर-8 में प्रवेश कर रही हैं, जिससे मुकाबला और रोमांचक हो गया है। आंकड़ों में भारत आगे, लेकिन मुकाबला टक्कर का




इतिहास गवाह है कि टी20 में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 60 प्रतिशत मैच जीते हैं। रन और छक्कों में डेविड मिलर का दबदबा है, जबकि विकेटों के मामले में अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती आगे हैं हालांकि, मौजूदा फॉर्म और बड़े मैच का दबाव किसी भी टीम के पक्ष में पलड़ा झुका सकता है। ऐसे में सुपर-8 का यह मुकाबला आंकड़ों से परे जाकर जज्बे और प्रदर्शन की असली परीक्षा होगा।

## छक्कों का बादशाह कौन?

छक्कों की बात करें तो यहां भी डेविड मिलर टॉप पर हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ 36 छक्के लगाए हैं। दूसरे नंबर पर भारत के तिलक वर्मा हैं, जिनके नाम 28 छक्के दर्ज हैं। हेनरिक क्लासेन ने 25 और क्विंटन डिकॉक ने 24 छक्के जड़े हैं। सूर्यकुमार यादव भी 25 छक्कों के साथ इस सूची में क्लासेन की बराबरी पर हैं। क्लासेन संन्यास ले चुके हैं, जो कि भारत के लिए अच्छी खबर है। साथ ही यह भी स्पष्ट है कि इस प्रतिद्वंद्विता में बड़े शॉट्स का अहम रोल रहा है।

| खिलाड़ी | छक्के | चौके | कुल बाउंड्री |
|---|---|---|---|
| डेविड मिलर | 36 | 33 | 69 |
| तिलक वर्मा | 28 | 42 | 70 |
| हेनरिक क्लासेन | 25 | 21 | 46 |
| सूर्यकुमार यादव | 25 | 34 | 59 |
| क्विंटन डिकॉक | 24 | 47 | 71 |



## विकेटों का सिकंदर कौन

गेंदबाजी में भारत का दबदबा साफ नजर आता है। अर्शदीप सिंह भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20 मुकाबलों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 14 मैचों में 23 विकेट चटकाए हैं। उनके ठीक पीछे वरुण चक्रवर्ती हैं, जिन्होंने सिर्फ आठ मैचों में 22 विकेट लिए हैं और एक बार पांच विकेट भी झटके हैं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी ने भारत के खिलाफ 16 विकेट लिए हैं। केशव महाराज (15 विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (14 विकेट) भी इस सूची में शामिल हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि भारत की गेंदबाजी इकाई ने इस प्रतिद्वंद्विता में अहम भूमिका निभाई है।

| खिलाड़ी | मैच | विकेट | इकोनॉमी | बेस्ट बॉलिंग |
|---|---|---|---|---|
| अर्शदीप सिंह | 14 | 23 | 9.04 | 3/20 |
| वरुण चक्रवर्ती | 8 | 22 | 8.06 | 5/17 |
| लुंगी एनगिडी | 9 | 16 | 8.89 | 4/29 |
| केशव महाराज | 16 | 15 | 8.80 | 2/23 |
| भुवनेश्वर कुमार | 12 | 14 | 6/69 | 5/24 |

## सबसे ज्यादा रनः मिलर और डिकॉक का जलवा

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 मुकाबलों में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज डेविड मिलर के नाम है। उन्होंने 28 मैचों में 563 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। दूसरे स्थान पर क्विंटन डिकॉक हैं, जिन्होंने 15 मैचों में 507 रन बनाए। ये दोनों बल्लेबाज 500+ रन बनाने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड तिलक वर्मा (496 रन) के नाम है। इसके बाद रोहित शर्मा (429 रन) और मौजूदा कप्तान सूर्यकुमार यादव (406 रन) का नाम आता है। सूर्यकुमार ने एक शतक और चार अर्धशतक लगाए हैं, जो दशार्ता है कि उन्हें प्रोटियाज गेंदबाजी रास आती है।

| खिलाड़ी | मैच | रन | स्ट्राइक रेट | 50/100 |
|---|---|---|---|---|
| डेविड मिलर | 28 | 563 | 146.23 | 2/1 |
| क्विंटन डिकॉक | 15 | 507 | 149.55 | 6/0 |
| तिलक वर्मा | 10 | 496 | 163.15 | 2/2 |
| रोहित शर्मा | 18 | 429 | 130.00 | 2/1 |
| सूर्यकुमार यादव | 15 | 406 | 156.15 | 4/1 |

# करकेरा और निर्मबेन ने नई दिल्ली मैराथन जीती

## एशियाई खेलों के लिए क्वालिफाई किया

**नई दिल्ली।** कार्तिक करकेरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नई दिल्ली मैराथन में जीत हासिल की। उनके अलावा दो अन्य धावकों ने एशियाई खेल के लिए निर्धारित क्वालिफाइंग मार्क को हासिल किया।

कार्तिक करकेरा ने रविवार को 11वीं नई दिल्ली मैराथन जीती और दो अन्य धावकों के साथ इस साल के



आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालिफाई करने का मानक भी हासिल किया। मुंबई के रहने वाले करकेरा ने 42.2 किलोमीटर की दूरी दो घंटे 13 मिनट 10 सेकेंड (02:13:10) में पूरी करके जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालिफाइंग मार्क को आसानी से पार कर लिया। क्या फीफा प्रमुख इन्फेंटिनो को महंगा पड़ेगा ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' कार्यक्रम में शिरकत करना? क्डउ करेगा जांच

सागर धनखड़ मौत मामलाः पहलवान सुशील कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई, हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब

**पाकिस्तान में हॉकी में बवाल**

बवाल के बाद पाकिस्तान सरकार की खुली आंखः हॉकी कप्तान पर लगाया दो साल का प्रतिबंध हटाया, गैरकानूनी फैसला बताया

पेशे से चिकित्सक 28 वर्षीय करकेरा ने गोपी थोनकल (02:13:12) और मान सिंह (02:13:15) को मामूली अंतर से पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया। इन तीनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और आखिर में वह बहुत कम अंतर से फिनिश लाइन तक पहुंचे। इन तीनों खिलाड़ियों ने इस तरह से एशियाई खेलों में पुरुष मैराथन के लिए दो घंटे 15 मिनट, 04 सेकेंड के क्वालिफाइंग मार्क को आसानी से हासिल कर दिया। महिलाओं के वर्ग में हालांकि कोई भी भारतीय खिलाड़ी 2:31:52 के एशियाई क्वालिफाइंग मार्क को हासिल नहीं कर पाई। महिला वर्ग में ठाकुर निर्मबेन (02:41:15) ने पहला स्थान हासिल किया।

# तीन सितारों पर टिकी भारत की जीत की उम्मीद!

## कोई एक भी चला तो द. अफ्रीका का होगा बुरा हाल

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 मुकाबले में भारत की जीत की उम्मीद ईशान किशन, हार्दिक पांड्या और वरुण चक्रवर्ती पर टिकी है। आक्रामक बल्लेबाजी, ऑलराउंड प्रदर्शन और रहस्यमयी स्पिन, ये तीनों पहलू भारत को बढ़त दिला सकते हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 चरण में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होने जा रहा है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया जीत की लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। यह अहम मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां अक्सर हाई-स्कोरिंग मैच देखने को मिलते हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका



दोनों ही टीमें दमदार फॉर्म में हैं, लेकिन इस मुकाबले में तीन भारतीय खिलाड़ी ऐसे हैं जो अपने प्रदर्शन से मैच का पासा पलट सकते हैं।

**ईशान किशनः पावरप्ले का तूफानः** सलामी बल्लेबाज ईशान किशन इस विश्व कप में शानदार लय में नजर आए हैं। चार मैचों में 202 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाकर उन्होंने विपक्षी गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाया है। पाकिस्तान के खिलाफ 44 गेंदों पर 77 रन की उनकी पारी ने मैच का रुख बदल दिया था। ईशान की खासियत है कि वे पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी कर विपक्ष को बैकफुट पर धकेल देते हैं। अहमदाबाद की बल्लेबाजों के अनुकूल पिच पर उनसे एक और धमाकेदार शुरूआत की उम्मीद रहेगी।

**हार्दिक पांड्याः अनुभव और संतुलन का मेलः** हार्दिक पांड्या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के सबसे बड़े मैच विनर साबित हो सकते हैं। ऑलराउंडर के तौर पर उनका योगदान टीम को संतुलन देता है। आईपीएल में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते हुए उन्होंने नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम पर काफी क्रिकेट खेला है, जिससे उन्हें यहां की परिस्थितियों की अच्छी समझ है। इस विश्व कप में भी हार्दिक बल्ले और गेंद दोनों से अहम भूमिका निभा रहे हैं। मध्यक्रम में तेज रन बनाना हो या जरूरत पड़ने पर विकेट निकालना—हार्दिक हर मोर्चे पर टीम के लिए अहम साबित हो सकते हैं।

**वरुण चक्रवर्तीः रहस्यमयी स्पिन का हथियार**

वरुण चक्रवर्ती दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों के लिए हमेशा चुनौती रहे हैं। टी20 प्रारूप में प्रोटियाज टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में वे दूसरे स्थान पर हैं। आठ मुकाबलों में 22 विकेट उनके प्रभाव को दशार्ते हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भी वरुण ने अब तक चार मैचों में 9 विकेट लेकर अपनी उपयोगिता साबित की है। उनकी विविधता भरी गेंदबाजी और रहस्यमयी स्पिन अफ्रीकी बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। भारत की जीत काफी हद तक इन तीन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। अगर ईशान तेज शुरूआत देते हैं, हार्दिक संतुलन बनाए रखते हैं और वरुण अपनी फिरकी से जाल बुनते हैं, तो टीम इंडिया की राह आसान हो सकती है। सुपर-8 का यह मुकाबला टूनार्मेंट की दिशा तय करने में अहम साबित हो सकता है।

# ग्रुप स्टेज में अजेय रहीं भारत-द.अफ्रिका की टक्कर, किसका रुकेगा विजय रथ



**दोनों टीमें**

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, ईशान किशन, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, मोहम्मद सिराज।

**द. अफ्रीका:** एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, देवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, मार्को जेनसन, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी, जेसन स्मिथ, जॉर्ज लिंडे, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नोर्त्जे, ट्रिस्टन स्टब्स, रेयान रिकेल्टन।

**अहमदाबाद।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सुपर-8 का मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। दोनों टीमों ने अब तक अजेय प्रदर्शन किया है। अहमदाबाद की बल्लेबाजी-मददगार पिच और साफ मौसम के बीच दर्शकों को हाई-स्कोरिंग मैच देखने को मिल सकता है। मुकाबला बराबरी का है, लेकिन जो टीम दबाव को बेहतर संभालेगी, वही जीत की दावेदार बनेगी।

टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 चरण में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होने जा रहा है। यह हाईवोल्टेज मुकाबला 22 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया जीत की लय को बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी, जबकि साउथ अफ्रीका भी पूरे आत्मविश्वास के साथ चुनौती पेश करेगा।

यह मुकाबला रविवार शाम सात बजे शुरू होगा, जबकि टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी शाम साढ़े छह बजे होगा। दोनों टीमों ने ग्रुप स्टेज में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मैच जीते और सुपर-8 में जगह बनाई। ऐसे में यह मुकाबला सिर्फ अंक तालिका के लिहाज से नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक बढ़त के लिए भी बेहद अहम माना जा रहा है। आज दोनों टीमों में से किसी एक का विजय रथ रुक जाएगा।

**बल्लेबाजी की जंग**

भारतीय टीम की बल्लेबाजी इस समय बेहतरीन लय में नजर आ रही है। ईशान किशन ने चार मैचों में 202 के धमाकेदार स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाए हैं। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी 162 रन बनाकर टीम को मजबूती दी है। दोनों बल्लेबाज विरोधी गेंदबाजों पर शुरू से दबाव बनाने की क्षमता रखते हैं।

दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने चार मैचों में 178 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 187 रहा है। उनके अलावा क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी मैच का रुख पलटने की काबिलियत रखते हैं। रेयान रिकेल्टन भी तूफानी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

**गेंदबाजी का संतुलन**

भारतीय गेंदबाजी आक्रमण भी प्रभावशाली रहा है। वरुण चक्रवर्ती ने अब तक चार मैचों में नौ विकेट लेकर बल्लेबाजों के लिए पहेली खड़ी कर दी है। उनके साथ जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव जैसे गेंदबाज टीम को मजबूती देते हैं। वहीं, दक्षिण अफ्रीकी टीम को अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। कगिसो रबाडा और एनरिक नोर्त्जे जैसे तेज गेंदबाज भारत की मजबूत बल्लेबाजी को रोकने की कोशिश करेंगे।

**पिच और मौसम रिपोर्ट**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों के लिए मददगार रहती है। यहां चौके-छक्कों की बरसात देखने को मिलती है। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 173 रन है, जबकि दूसरी पारी में औसत 151 रन रहता है। मौसम की बात करें तो मैच के दिन आसमान साफ रहने की संभावना है। बारिश की कोई आशंका नहीं है, जिससे दर्शकों को पूरे 40 ओवर का रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

# कड़े मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से हारी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी। भारत ने शुरूआती बढ़त बनाई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया अंत में वापसी करने में सफल रहा।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शानदार जुझारूपन दिखाने के बावजूद रविवार को एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा।

निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रहीं। ऑस्ट्रेलिया ने दो गोल से पिछड़ने के बाद आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की और फिर



शूटआउट में भारत पर 5-4 से भारी पड़ा।

**रोहिदास और जुगराज ने किए गोल**

भारत की ओर से अमित रोहिदास (15वां मिनट) और जुगराज सिंह (43वां मिनट) ने गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि ऑस्ट्रेलिया के जोएल रिंटाला (47 वां, 56 वां मिनट) ने दो गोल कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। यह परिणाम ऐसे समय आया है जब भारत इस साल एफआईएच प्रो लीग में लगातार पांच मुकाबले हार चुका था। इसमें राउरकेला में खेले गए घरेलू चरण के चार मैच भी शामिल हैं। टीम को होबार्ट चरण के अपने पहले मुकाबले में शनिवार को स्पेन के खिलाफ 0-2 से हार झेलनी पड़ी थी।

मुकाबले की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखते हुए भारतीय खिलाड़ियों के क्षेत्र में दबदबा बनाने की कोशिश की लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने संयम बनाए रखा और वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के गोलकीपर जेड स्नोडेन ने कुछ अच्छे बचाव किए।

**अब स्पेन से होगा मुकाबला**

जीत की तलाश में ऑस्ट्रेलिया ने लगातार आक्रमण जारी रखा, लेकिन भारतीय गोलकीपर मोहित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई बेहतरीन बचाव किए, जिनमें एक कमाल का डबल सेव भी शामिल रहा, जिससे भारत मुकाबले में बना रहा। दोनों टीमों ने अपने पहले चार प्रयास सफलतापूर्वक भुनाए। निर्णायक क्षण में आदित्य अर्जुन लालगे के शॉट को स्नोडेन ने रोक दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक मुकाबले में कड़ी मेहनत से जीत दर्ज की।

23 Feb -26 page 6 22-02-2026 22:00 Page 1






# 'वीवीआईपी यमुना' प्रोजेक्ट की ऐतिहासिक लॉन्चिंग




## सीएम योगी ने 'नंदग्राम भूखण्डीय योजना' के ब्रॉशर का किया विमोचन

### 14 वर्ष बाद लाई गई नई आवासीय योजना, ई-लॉटरी से होगा पारदर्शी आवंटन

**लखनऊ/गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा विकसित 'नंदग्राम भूखण्डीय योजना' के ब्रॉशर का विधिवत विमोचन किया। लगभग 14 वर्षों के अंतराल के बाद प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत की गई यह नई भूखण्डीय योजना जनपद गाजियाबाद के ग्राम नूरनगर, नंदग्राम (खसरा संख्या 96 एवं 97) में विकसित की जा रही है।

यह योजना नागरिकों को नियोजित एवं पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत आवासीय भूखण्ड प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी।

योजना के अंतर्गत भूखण्डों का आवंटन गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्णतः पारदर्शी ई-लॉअरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। आवंटन पत्र प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट से डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया जाएगा।



#### आवेदन एवं भुगतान व्यवस्था

- आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।
- पंजीकरण धनराशि भूखण्ड मूल्य का 10% (आरक्षित वर्ग हेतु 5%) होगी।
- शेष धनराशि 8 त्रैमासिक किस्तों में 10% वार्षिक ब्याज सहित देय होगी।
- पूर्ण भुगतान एवं रजिस्ट्री के पश्चात 36 माह के भीतर कब्जा प्रदान किया जाएगा।

#### योजना की मुख्य विशेषताएँ

- भूखण्डों का आकारः 60 वर्ग मीटर से 221 वर्ग मीटर तक
- दरःरू० 79,000 प्रति वर्ग मीटर
- ई-लॉटरी के माध्यम से होगा आवंटन

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना गाजियाबाद में सुनियोजित शहरी विकास को नई गति प्रदान करेगी तथा डिजिटल एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से नागरिकों का विश्वास और अधिक सुदृढ़ करेगी। यह योजना प्राधिकरण द्वारा 14 वर्षों बाद लाई गइई है। इच्छुक आवेदक प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट [www.gdaghaziabad.in] पर निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## निमंत्रण



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता तथा प्रमुख समाजसेवी रामोतार जिंदल ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के दिल्ली पंडारा पार्क स्थित निवास पर उनसे मुलाकात की। इस दौरान रामोतार जिंदल ने 28 फरवरी को होने वाले होली महोत्सव क लिए निमंत्रण पत्र दिया और आने का अनुरोध किया। सांसद अतुल गर्ग ने भी अग्रवाल वैश्य समाज के सभी गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया और उन्हें शुभकामनायें दीं।

## शिवशक्ति धाम डासना के प्रमुख सेवादारों को नजरबंद किया



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी और उनके सभी प्रमुख सहयोगियों को उनके घरों में अवैध रूप से नजरबंद कर दिया गया। उनके साथ-साथ डॉ. उदिता त्यागी, अनिल यादव, शशि चौहान, मोहित बजरंगी, प्रदीप शर्मा, और यति रणसिंहानंद गिरी सहित अन्य कई प्रमुख साथियों को भी उनके घरों में नजरबंद किया गया।

यति नरसिंहानंद गिरी को रविवार को दिल्ली में दो सम्मेलनों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना था, लेकिन शिवशक्ति धाम डासना में भारी पुलिस बल तैनात कर उन्हें यात्रा करने से रोक दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरठ दौरे के मद्देनजर उठाया गया है। इस घटना पर नाराजगी जताते हुए यति नरसिंहानंद गिरी ने अपने शिष्यों और समर्थकों से आह्वान किया कि वे दुनिया के हर कोने में प्रधानमंत्री मोदी का अहिंसक विरोध करें और उनका विरोध काले झंडों के जरिए किया जाए।

## नजरबंद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ब्राह्मण महासभा के बीके शर्मा हनुमान को पुलिस ने रविवार को हाउस अरेस्ट कर लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेरठ दौरे को देखते हुए यह कार्यवाही की गयी। बीके शर्मा हनुमान ने इस कार्यवाही को लोकतंत्र के विरूद्ध बताया।

## नगर निगम के वाहनों की जीपीएस मॉनिटरिंग का नगर आयुक्त ने लिया जायजा

### निर्धारित रूट से भटकते ही ड्राइवर को जाती है कॉल, वीटीएमएस से निगरानी हुई और सशक्त

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शहरवासियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गाजियाबाद नगर निगम ने अपने वाहनों की जीपीएस मॉनिटरिंग को और मजबूत किया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर स्वास्थ्य, जलकल, निर्माण, उद्यान एवं प्रकाश विभाग के वाहनों की निगरानी व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम (वीटीएमएस) के माध्यम से की जा रही है।





नगर आयुक्त ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर पहुंचकर ऑनलाइन संचालित जीपीएस मॉनिटरिंग सिस्टम की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद टीम से सीधे संवाद कर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, वॉटर स्प्रिंकलर, उद्यान विभाग के ट्रैक्टर, जेसीबी एवं अन्य वाहनों की मॉनिटरिंग संबंधी जानकारी ली।

वर्तमान में 611 डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन, उद्यान विभाग के लगभग 40 वाहन, जलकल विभाग के करीब 18 वाहन सहित कुल लगभग 780 वाहनों की मॉनिटरिंग की जा रही है। नगर आयुक्त ने बताया कि सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक लगभग 25 ऑपरेटरों की टीम कंट्रोल सेंटर से वाहनों की निगरानी करती है। यदि कोई वाहन निर्धारित रूट से भटकता है तो कॉल सेंटर के माध्यम से तुरंत ड्राइवर से संपर्क किया जाता है।

समीक्षा के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज तथा मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त ने कहा कि पिछले दो वर्षों में निगम ने व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम को सशक्त बनाते हुए शहर में चल रहे वाहनों पर नियमित नजर रखने की व्यवस्था विकसित की है। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन मॉनिटरिंग रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए, ताकि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और शहरवासियों को समयबद्ध सेवाएं मिल सकें।

## वसुंधरा में रक्तदान शिविर का आयोजन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 5 में निशांत आरोग्य आयुष मानव सेवा संस्थान द्वारा मोहन मेकिन सोसाइटी स्थित संस्थान परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

संस्था के अध्यक्ष डॉ. निशांत सिंघल ने स्वयं रक्तदान करके किया। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और हमारे द्वारा किया गया दान किसी का जीवन बचा सकता है। संस्था भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य जारी रखेगी। मुख्य अतिथि पार्षद धीरज अग्रवाल पार्षद सतेंद्र चौधरी उपस्थित रहे। पार्षद धीरज अग्रवाल ने संस्थान के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो पाता है, जो मानवता की सच्ची सेवा है।

### महिलाओं और युवाओं में दिखा विशेष उत्साह

डॉ. रचना सिंघल ने बताया कि इस शिविर में लगभग 50 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र किया गया। खास बात यह रही कि पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ब्लड बैंक के कुशल चिकित्सकों की देखरेख में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। इस अवसर पर

महिला मोर्चा अध्यक्ष निशि त्यागी, कादम्बरी कौशिक, अरुण चौहान, सुरेश गोसाईं मुकेश कुमार, अनुराग मिश्रा, दीपमाला, गीता त्यागी, अरुण सिंघल आदि लोग मौजूद रहे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

**Pankaj Kumar Bjp**
2h ·

विवाह वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं
महादेव से प्रार्थना है कि आप दोनों का यह पवित्र बंधन आपसी प्रेम, अटूट विश्वास और खुशहाली के साथ सदैव बना रहे। आपका जीवन सुखमय, मंगलमय और दीर्घायु हो।।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जो अपने होते हैं वो हमेशा रिश्तों को निभाते हैं। वो खास मौकों पर खुशी का अहसास कराते हैं। पंकज कुमार ने अपनों की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। खुशहाल जीवन, मंगलमय जीवन की कामना करते हुए बधाई और शुभकामनायें दीं। उन्होंने खुशी के इस पल को अपनी फेसबुक पोस्ट बनाया। रिश्तों की खुशी, रिश्तों के अपनेपन और रिश्तों के स्नेह का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## नशीले पदार्थों की बिक्री के विरोध भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने पर किया प्रदर्शन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन के वार्ड-37 में नशे के बढ़ते कारोबार और सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों के खिलाफ युवाओं ने मोर्चा खोल दिया है। अधिवक्ता आकाश भाटी के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों और युवाओं ने सड़कों पर उतरकर अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।




### अस्सी फूटा रोड से थाने तक गूँजा विरोध

करंट क्राइम। हाथों में बैनर और पोस्टर लिए युवाओं की यह रैली अस्सी फूटा रोड से शुरू होकर थाना शालीमार गार्डन तक निकाली गई। रैली के दौरान युवाओं ने नशे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रशासन से इस अवैध धंधे को जड़ से खत्म करने की मांग की। बंगाली कॉलोनी में खुलेआम बिक रहा है जहर। अस्सी फूटा के पास स्थित बंगाली कॉलोनी में शराब, गांजा और चरस जैसे नशीले पदार्थ खुलेआम बेचे जा रहे हैं। नशा करने वाले लोग पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर डेरा जमाए रहते हैं, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों का निकलना दूभर हो गया है।

### थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई का आश्वासन

करंट क्राइम। प्रदर्शनकारी युवाओं ने थाना प्रभारी अवधेश त्रिपाठी से मुलाकात कर उन्हें विस्तृत ज्ञापन सौंपा। युवाओं ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ तुरंत मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द जांच कर उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर रविन्द्र सोलंकी, क्रिष भाटी, करण भारद्वाज समेत क्षेत्र के सैकड़ों जागरूक युवा और छात्र मौजूद रहे।

## आईटीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में एलुमनाई रीयूनियन 2026 का हुआ आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आईटीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के मोहननगर स्थित यूजी कैंपस में एलुमनाई रीयूनियन 2026 का आयोजन चाणक्य प्रेक्षागार में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रम के वर्ष 2014-17 से 2018-21 बैच तक के 150 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रीयूनियन का उद्देश्य पूर्व विद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान कर आपसी संवाद, अनुभव साझा करने और पेशेवर नेटवर्किंग को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में एलुमनाई इंटरैक्शन सत्र, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और नेटवर्किंग गतिविधियाँ आयोजित की गईं। संस्थान के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने एलुमनाई का स्वागत करते हुए उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और उन्हें जीवन में उच्च आदर्शों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) नैंसी शर्मा ने कहा कि पूर्व विद्यार्थियों की सफलता वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है।

कार्यक्रम के दौरान एलुमनाई ने अपने शिक्षकों से मुलाकात कर पुरानी यादें ताजा कीं तथा संस्थान और फैकल्टी के योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कुसुम गोयल ने ग्रीन वैली रोड के पुनर्निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 72, कौशांबी स्थित ग्रीन वैली रोड के पुनर्निर्माण कार्य का रविवार को शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निर्माण कार्य विधिवत शुरू हुआ। पार्षद ने बताया कि हाल ही में नई पानी की पाइपलाइन डाले जाने के कारण सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। जनता की मांग को देखते हुए अब सड़क का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और त्वरित कार्रवाई के लिए महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का आभार जताया। सड़क निर्माण शुरू होने पर स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने खुशी व्यक्त की और इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश अरोड़ा, उर्मिला अरोड़ा, अमित जुनेजा, भानु साहनी, जुगल अग्रवाल, ए.के. तिवारी और सतीश गोयल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।






# राजेन्द्र नगर में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन





### काव्य रस और सांस्कृतिक प्रस्तुति

करंट क्राइम। वीर रस के प्रसिद्ध कवि देवेन्द्र महाना और कवयित्री अर्चना मेहरा मेहता ने अपनी कविताओं के माध्यम से उपस्थित जनसमूह में देशभक्ति का जोश भर दिया। इस मौके पर संरक्षक पवन कौशिक, मास्टर दलवीर सिंह, अध्यक्ष धीरेन्द्र नारायण सक्सेना और सचिव चन्द्र शेखर सहित पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष आशा मित्तल, कोषाध्यक्ष नन्द कुमार, मनोज मिश्रा राकेश शर्मा, सुभाष शर्मा, रमन कौशल आदि सेकड़ों लोग मौजूद रहे।

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेन्द्र नगर सेक्टर-5 स्थित नरेंद्र बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता और सनातन परंपराओं के संरक्षण का संकल्प लिया गया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता बालव्यास वैदेहीनन्दन वेदांत महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने सनातन संस्कृति के संवर्धन पर जोर देते हुए रानी लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप, शिवाजी महाराज और भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारियों को नमन किया।

वहीं, महानगर बौद्धिक प्रमुख अश्वनीजी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की ध्येय यात्रा पर प्रकाश डाला। महानगर सामाजिक समरसता संयोजक रवि भूषण जी ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

इस अवसर पर प्रसिद्ध मरघट वाले हनुमान मंदिर के प्रमुख महंत वरुणजी ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण शहीद मेजर मोहित शर्मा के माता-पिता, सुशीला शर्मा एवं राजेन्द्र प्रसाद शर्मा की उपस्थिति रही, जिनका समाज ने पूरे सम्मान के साथ अभिनंदन किया।

# प्रधानमंत्री के दौरे के कारण दिल्ली-मेरठ हाइवे पर कई स्थानों पर जाम



**मोदीनगर करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरठ आगमन के कारण दिल्ली-मेरठ मार्ग पर लंबा जाम लग गया है। मोदीनगर में रूट डायवर्जन के चलते सुबह से ही यह मार्ग चार किलोमीटर तक वाहनों से अटा पड़ा रहा। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक रैपिड रेल का उद्घाटन करने के लिए आ रहे हैं। उद्घाटन समारोह के बाद, वे शताब्दी नगर में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके आगमन के मद्देनजर, मोदीनगर के कादराबाद चेकपोस्ट से वाहनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। दिल्ली-मेरठ मार्ग के एक हिस्से को ही यातायात के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से ही इस व्यवस्था के कारण भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है, जहां एक किलोमीटर का सफर तय करने में दो घंटे तक का समय लग रहा है। मोदीनगर के एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि रूट डायवर्जन के कारण जाम लगा है। स्थिति को नियंत्रित करने और यातायात सुचारु करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# चार पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य दबोचे




**मोदीनगर करंट क्राइम।** स्वाट टीम, अपराध शाखा व थाना मोदीनगर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में पुलिस ने चार पहिया वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की दो कार व चोरी करने में प्रयोग होने वाले उपकरण बरामद किये है।

मोदीनगर एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि स्वाट टीम, अपराध शाखा व थाना पुलिस ने पुलिस बुलन्दशहर, हापुड, मेरठ, गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से चार पहिया वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर सदस्यों हरेन्द्र व भवी चौधरी निवासी मेरठ को गिरफ्तार कर उनकी निशादही से चोरी की 02 कार स्कार्पियो, वाहन चोरी करने मे प्रयुक्त ब्रेजा कार, फर्जी नम्बर प्लेट, वाहन चोरी करने मे प्रयुक्त इलैक्ट्रोनिक उपकरण बरामद किये है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की पुलिस तलाश कर रही है।

# भारतीय किसान मजदूर मोर्चा ने की विभिन्न समस्याओं को लेकर पंचायत

## जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान तक 25 फरवरी से तहसील में धरना शुरू



**मोदीनगर करंट क्राइम।** भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले एक पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के लोगों ने हिस्सा ले अपने विचार रखें। अध्यक्षता बाबा टीकम सिंह व संचालन राहुल प्रधान ने किया।

गांव सीकरीखुर्द में धनबीर जी की बैठक पर संपन्न हुई पंचायत में मुख्य रूप से जनहित से जुड़ी 5 सूत्रीय मांगों पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से सीकरीखुर्द की अठारह सौ बीघा जमीन का दाखिल खारिज शुरू कराने, सीकरी महामाया मंदिर का 25 करोड़ रुपया भवन पर खर्च करने, सीकरीखुर्द फाटक पर जाम से मुक्ति दिलाने, प्राइवेट डॉक्टरों की लूट से छुटकारा दिलाने के लिए सरकारी अस्पताल में सभी जरूरी सुविधाएं दिए जाने व ग्रामीण क्षेत्र की सभी जर्जर सड़कों का पुनर्निर्माण कराने जैसी समस्याओं पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। मोर्चा के अध्यक्ष डॉ॰ बबली गुर्जर, युवा विंग के अध्यक्ष पं0 सतेंद्र शर्मा व महिला विंग की अध्यक्ष नीरज प्रजापति ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया, कि जनहित से जुड़ी इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए 25 फरवरी दिन बुधवार से तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा और समस्याओं का समाधान होने तक धरना जारी रहेगा। पंचायत में मोर्चा के संरक्षक कालू चेयरमैन, रामदत्त शर्मा, विकल प्रधान, चमन नेताजी, राहुल प्रधान, धनबीर चंदीला, मोनू प्रधान, निर्दोष खटाना, नवाब अली, डॉ0 एसके शर्मा, नवीन जैन, देव पंडित, एसके भाटी, सतवीर प्रजापति, बीर सिंह, साहब सिंह, विपिन जिंदल, आशीष कसाना, नरेन्द्र ठाकुर, मनोज शर्मा व बलबीर भड़ाना आदि ने संबोधित किया।

# मेगा विधिक/साक्षरता एवं सेवा शिविर का आयोजन, योजनाओं का मिला सीधा लाभ

## जनपद न्यायाधीश विनोद सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ, पात्रों को वितरित किए गए लाभ



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद द्वारा जिला न्यायालय परिसर में मेगा/वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद सिंह रावत द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं स्टॉल परिसर का फीता काटकर किया गया।

कार्यक्रम में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण, विशेष न्यायाधीश (पोक्सो), मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। न्यायाधीश द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली गई तथा पात्र लाभार्थियों को ट्राई साइकिल, चेक एवं अन्य सहायता सामग्री वितरित की गई।

# निस्वार्थ सेवा ही समाज में आशा, विश्वास और मानवता का आधार : अरविंद कुमार सिंह



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** क्राउड फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में संचालित नारायण अन्न सेवा द्वारा आयोजित स्वयंसेवक पुरस्कार समारोह सेवा, संवेदना और समर्पण का प्रेरणादायी संगम बनकर उभरा। कार्यक्रम में समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद ट्रस्टी अरविंद कुमार सिंह ने सभी अतिथियों और स्वयंसेवकों का स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाज में वास्तविक परिवर्तन केवल योजनाओं से नहीं, बल्कि समर्पित व्यक्तियों के सतत प्रयासों से संभव होता है। उन्होंने कहा, जब कोई व्यक्ति अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज के लिए कार्य करता है, तो वह केवल भोजन नहीं बाँटता—वह आशा, विश्वास और मानवता का संदेश देता है। हमारे ये स्वयंसेवक ह्यसेवा ही सच्चा धर्म है, के मंत्र को अपने जीवन में उतार रहे हैं।

इस अवसर पर संत कुमार मित्तल, धनपत गर्ग, जितेन्द्र कुमार गर्ग, विपिन व्यास, दीपक सिंह तथा वार्ड संख्या 24 के पवन गौतम को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गूंज के साथ उनका अभिनंदन किया।


कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नारायण अन्न सेवा का उद्देश्य केवल भूख मिटाना नहीं, बल्कि समाज में करुणा, सहयोग और एकजुटता की भावना को सुदृढ़ करना है। यह पहल जरूरतमंदों तक सम्मानपूर्वक भोजन पहुंचाने के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों को सेवा के सूत्र में जोड़ने का कार्य कर रही है।

ट्रस्टी अरविंद कुमार सिंह ने आगे कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक इस अभियान की रीढ़ है। उनके अथक परिश्रम, समर्पण और सकारात्मक सोच से ही यह सेवा अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे भी अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय निकालकर समाजहित में योगदान दें।

संस्था ने घोषणा की कि भविष्य में इस सेवा अभियान को और अधिक विस्तार दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों तक भोजन सेवा पहुँचाई जा सके। साथ ही युवाओं और समाज के अन्य वर्गों को भी इस मानवीय पहल से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे

# सड़कों का कत्लगाह: जब नाबालिगों के हाथों में थमा दी जाती है जानलेवा गाड़ियों की चाबी

## (द्वारका, पुणे, घाटकोपर हादसों के बाद देश की जागरूकता की पुकार)



लेखक : अभिषेक चौधरी (अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय भारत एवं जनहित याचिकाकर्ता)



### प्रस्तावना: एक राष्ट्रीय संकट

**फरवरी 2026।** यह महीना भारत के यातायात इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक के रूप में याद रखा जाएगा। द्वारका (दिल्ली) से लेकर घाटकोपर (मुंबई) तक, पुणे से लेकर नोएडा तक, सड़कें एक बार फिर मासूमों के खून से रंगीं गईं। और हर बार की तरह, हादसे का कारण एक ही था - एक नाबालिग का हाथ, एक तेज रफ्तार गाड़ी का स्टेयरिंग, और अभिभावकों की घोर लापरवाही।

**चाबी देते समय सोचा था, बस थोड़ी देर घूम लेगा,**
**पर उसी 'थोड़ी देर' ने किसी की पूरी जिंदगी लील ली।**

आज मैं एक अधिवक्ता, एक जनहित याचिकाकर्ता और 140 करोड़ भारतीयों के एक छोटे से सदस्य के रूप में यह लेख लिख रहा हूं, जिसमें हाल के दिनों में हुए हृदयविदारक हादसों, उच्चतम न्यायालय के सख्त निर्देशों और समाज के रूप में हमारी जिम्मेदारी पर विस्तार से चर्चा करूंगा।

### अध्याय 1: द्वारका का वो दर्दनाक सुबह (3 फरवरी 2026)

साहिल ढाणेश्रा, उम्र 23 साल, मुंबई के एक युवा सपनों का शहर दिल्ली में काम करने वाला एक साधारण युवक।

गाजियाबाद करंट क्राइम। 3 फरवरी की दोपहर, लगभग 12 बजे, साहिल अपनी मोटरसाइकिल से द्वारका के सेक्टर 11 स्थित लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के पास से गुजर रहा था। तभी एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो एसयूवी, जिसे एक 17 वर्षीय लड़का चला रहा था, ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एसयूवी ने सड़क किनारे खड़ी एक कैब को भी अपनी चपेट में ले लिया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने दिल दहला देने वाले खुलासे किए। साहिल के सिर के बाईं ओर की खोपड़ी की हड्डी टूट चुकी थी। दिमाग में गंभीर सूजन (ब्रेन ओडेमा) आ गई थी। उसके मुंह के अंदरूनी हिस्से में खून के थक्के जम गए थे और सीने की कई पसलियां टूट गई थीं। एक डॉक्टर के अनुसार, सिर की गंभीर चोटों के कारण दिमाग के अंदर भारी रक्तस्राव और सूजन आ गई थी, खासकर बाईं ओर। पूरा दिमाग रक्तस्राव और चोट के कारण सूज गया था।

पर यह कहानी यहीं खत्म नहीं होती। आरोपी 17 वर्षीय लड़का, जिसके पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस था और न ही गाड़ी चलाने की कोई कानूनी उम्र, उसने पुलिस को बताया कि वह 19 साल का है। बाद में उसके पिता द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों से पता चला कि उसका जन्म 2 अगस्त 2009 को हुआ था, यानी वह महज 17 साल का था।

और सबसे चौंकाने वाला खुलासा? हादसे के समय लड़के की बहन गाड़ी के अंदर मौजूद थी और रील बना रही थी। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखता है कि कैसे गाड़ी तेज रफ्तार में मुड़ती है और साहिल की बाइक को टक्कर मार देती है।

साहिल की मां अमृता का दर्द शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, मैंने 23 साल अपने बेटे को पालने में लगाए। आज मैं उसके लिए इंसाफ की लड़ाई लड़ रही हूं। सिर्फ एक रील बनाने के लिए एक नाबालिग को इतनी बड़ी गाड़ी तेज रफ्तार में चलाने की इजाजत कैसे दे सकते हैं माता-पिता? यह उनकी भी लापरवाही है। उनके खिलाफ केस दर्ज होना चाहिए और उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए।

राख हो गया वो घर, जिसके दीपक जलते थे,
एक रील ने लील लिया, जिसे मां-बाप पालते थे।

### अध्याय 2: मुंबई का घाटको पर हादसा - खून का सौदा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** द्वारका हादसे के महज दो दिन बाद, 5 फरवरी 2026 को मुंबई के घाटकोपर में एक और दिल दहला देने वाली घटना हुई। 33 वर्षीय व्यवसायी ध्रुमिल पटेल और उनकी पत्नी मीनल (32) स्कूटर पर सवार होकर जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार एसयूवी, जिसे एक 17 वर्षीय लड़का चला रहा था, ने उन्हें टक्कर मार दी। ध्रुमिल को गंभीर चोटें आईं और 15 फरवरी को उन्होंने दम तोड़ दिया। मीनल अब भी गंभीर चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती हैं।

लेकिन इस केस में सबसे चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब पीड़ित परिवार पर 'खून का सौदा' करने का दबाव बनाया गया। ध्रुमिल के चाचा महेश पटेल ने पुलिस को एक पत्र लिखकर आरोप लगाया कि आरोपी के परिवार की ओर से 'संदर्भों के माध्यम से' 40 लाख रुपये 'खून के पैसे' (ब्लड मनी) के रूप में देने की पेशकश की गई।

महेश पटेल ने पुलिस को लिखा, हमें बताया गया कि 'आपने अस्पताल के 25 लाख रुपये खर्च किए हैं, हम उससे ज्यादा दे रहे हैं।' क्या इससे हमारा भाई वापस आ जाएगा?

पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी लड़के के सोशल मीडिया अकाउंट से स्टंट और रैश ड्राइविंग के वीडियो हटा दिए गए हैं, जो इस बात का सबूत थे कि वह पहले से ही इस तरह की हरकतें करता था।

सड़क पर बिखर गए सपने, अस्पताल में तड़पती जान,
और सौदा हो रहा है उन पर, 40 लाख में इंसान की पहचान।

### अध्याय 3: पुणे पोर्श केस की गूंज (2024) और अदालत की सख्त टिप्पणी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हाल के हादसों ने एक बार फिर मई 2024 में हुए उस चर्चित पुणे पोर्श केस की याद दिला दी, जब एक 17 वर्षीय लड़के ने शराब के नशे में तेज रफ्तार पोर्श कार से दो आईटी पेशेवरों को कुचल दिया था।

उस केस की सुनवाई के दौरान, उच्चतम न्यायालय की न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने बेहद सख्त टिप्पणी की थी। अदालत ने कहा कि माता-पिता अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल हो रहे हैं और उन्होंने युवाओं को आसानी से पैसे और तेज गाड़ियां देने के खतरे को रेखांकित किया।

पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा, नशीली दवाओं का सेवन एक अलग मुद्दा है, लेकिन उन्हें (बच्चों को) कार की चाबी और मौज-मस्ती करने के लिए धन देना अस्वीकार्य है।

अदालत ने यह भी कहा कि माता-पिता जिम्मेदारी से बच नहीं सकते जब नाबालिगों को पार्टी करने, हाई-एंड वाहन चलाने और कथित रूप से शराब का सेवन करने की अनुमति दी जाती है। अदालत ने जोर देकर कहा कि समस्या सड़क पर नहीं, बल्कि घर से शुरू होती है।

### अध्याय 4: कानून क्या कहता है? (विस्तृत विश्लेषण)




**1. मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 199अ** – अभिभावकों की जिम्मेदारी यह धारा स्पष्ट करती है कि यदि कोई नाबालिग यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा जाता है या किसी दुर्घटना का शिकार होता है, तो उसके माता-पिता या अभिभावक को ही दोषी माना जाएगा। द्वारका हादसे में आरोपी के पिता के खिलाफ यही धारा लगाई गई है। सजा का प्रावधान: तीन साल तक का कारावास, 25,000 रुपये का जुमार्ना, वाहन का पंजीकरण एक साल के लिए रद्द

**2. भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं :** द्वारका हादसे में पुलिस ने निम्नलिखित धाराएं लगाई हैं : धारा 281 (लापरवाही से वाहन चलाना) धारा 106(1) (लापरवाही से मौत का कारण बनना) धारा 125( ) (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य)

**3. किशोर न्याय अधिनियम, 2015** – वयस्क के रूप में मुकदमा चलाने का प्रावधान: इस अधिनियम की धारा 15 और 18 के तहत, यदि 16 से 18 वर्ष के बीच का कोई नाबालिग किसी जघन्य अपराध (जैसे कि हत्या या हत्या के समान अपराध) में शामिल पाया जाता है, तो किशोर न्याय बोर्ड यह आकलन कर सकता है कि क्या उसे वयस्क के रूप में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। घाटकोपर हादसे में पीड़ित परिवार ने इसी प्रावधान के तहत 17 वर्षीय आरोपी को वयस्क के रूप में मुकदमा चलाने की मांग की है।

**4. उच्चतम न्यायालय का व्यापक दृष्टिकोण** यद्यपि रॉबिन्सन बनाम लिंडसे (वाशिंगटन सुप्रीम कोर्ट, 1979) का मामला अमेरिकी है, लेकिन उसमें दिया गया सिद्धांत सार्वभौमिक है – शक्तिशाली मशीनी वाहन चलाने वाले नाबालिगों को वयस्कों के समान देखभाल के स्तर पर आंका जाएगा। भारतीय अदालतें भी इस सिद्धांत को मान्यता देती हैं कि खतरनाक गतिविधियों में शामिल होने पर उम्र का बहाना नहीं चलता।

### अध्याय 5: न्यायालय के निर्देश और कानूनी सुझाव

**उच्चतम न्यायालय के हालिया अवलोकन:** न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्पष्ट किया कि माता-पिता अपने बच्चों को कार की चाबी और पैसे देने के लिए जिम्मेदार हैं। अदालत ने कहा कि बच्चों को असीमित पहुंच देना और फिर मुसीबत में आने पर 'गलती' का बहाना बनाना स्वीकार्य नहीं है

मेरा सुझाव (एक अधिवक्ता के रूप में): धारा 199अ को और सख्त बनाया जाए – यदि नाबालिग के वाहन चलाने से किसी की मृत्यु होती है, तो माता-पिता पर ₹धारा 105 बीएनएस (गैर-इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया जाए। आजीवन लाइसेंस निलंबन – ऐसे मामलों में न केवल नाबालिग का, बल्कि माता-पिता का भी ड्राइविंग लाइसेंस जीवन भर के लिए रद्द कर दिया जाए। नागरिक चालान (नागरिक चालान) अधिनियम – वरिष्ठ नागरिकों, डॉक्टरों, शिक्षकों, वकीलों को यह अधिकार दिया जाए कि वे नाबालिगों को वाहन चलाते देखें तो सीधे पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकें।वाहन जब्ती और नीलामी – ऐसे मामलों में शामिल वाहन को सरकारी संपत्ति घोषित कर नीलाम कर दिया जाए और राशि पीड़ित परिवार को दी जाए।

### अध्याय 6: श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश और सामाजिक दायित्व

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने स्पष्ट कहा है : **परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्। धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे।।**

(अर्थ : सज्जनों की रक्षा के लिए, दुष्कर्मियों के विनाश के लिए और धर्म की स्थापना के लिए मैं हर युग में अवतार लेता हूं।)

जब हम एक नाबालिग को स्टेयरिंग थमाते हैं, तो हम 'दुष्कृत' (बुराई) का समर्थन कर रहे होते हैं। एक सभ्य समाज का कर्तव्य है कि वह 'साधु' (सड़क पर चलने वाले मासूम नागरिकों) की रक्षा करे।

गीता का यही ज्ञान, सदा देता है पुकार, रोको उस हाथ को, जो बने न काल का अवतार।

### अध्याय 7: आंकड़े और विश्लेषण

**करंट क्राइम। हालांकि आधिकारिक आंकड़े अभी जारी नहीं हुए हैं, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार: द्वारका हादसा: 23 वर्षीय साहिल की मौत, 13 चालान पहले से दर्ज, घाटकोपर हादसा: 33 वर्षीय ध्रुमिल की मौत, 40 लाख की घूस की पेशकश, पुणे पोर्श केस: 2 मौतें, सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप।**

### अध्याय 8: निष्कर्ष और अंतिम अपील

**करंट क्राइम।** आज जब मैं यह लेख लिख रहा हूं, तो द्वारका में साहिल की मां इंसाफ के लिए सड़कों पर हैं। घाटकोपर में मीनल अस्पताल के बिस्तर पर जिंदगी और मौत से जूझ रही हैं। पुणे में दो परिवार आज भी अपनों की याद में तड़प रहे हैं।

**चाबी मांगे जब लाडला, तो याद करो साहिल की मां को,**
**जिसके बेटे ने खो दी सांस, सिर्फ एक रील के लिए।**
**चाबी मांगे जब लाडला, तो याद करो ध्रुमिल को,**
**जिसकी जान का सौदा हुआ, 40 लाख में।**
**चाबी मत देना, चाहे कितना भी मनाए,**
क्योंकि एक चाबी की गलती, किसी की पूरी जिंदगी लील जाए।

एक मां ने नौ महीने गर्भ में रखा, हजारों रातें जागकर पाला, सपने देखे कि बेटा बड़ा होकर उनका सहारा बनेगा। यदि आप अपने बच्चे को चाबी देकर सड़क पर उतारते हैं, तो आप न सिर्फ अपने बच्चे का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि किसी और मां के उन सपनों को भी मिट्टी में मिला रहे हैं जो उसने अपने बेटे के लिए देखे थे।

यह सिर्फ एक कानूनी लेख नहीं है, यह 140 करोड़ देशवासियों से एक वकील, एक पिता और एक नागरिक की विनम्र अपील है –


प्लीज, अपने नाबालिग बच्चे को गाड़ी की चाबी मत दीजिए। एक बार मना करने पर बहने वाले आंसू सह लीजिए, लेकिन यह मत देखिए कि आपके देने से किसी और की आंखें जीवन भर के लिए नम हो जाएं।

धर्मो रक्षति रक्षितः – धर्म की रक्षा करो, धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा।

गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# यमुना एक्सप्रेसवे पर लग्जरी का नया अध्याय, वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 'वीवीआईपी यमुना' प्रोजेक्ट की ऐतिहासिक लॉन्चिंग





## भूमि पूजन, हवन और भव्य मंच आयोजन के साथ प्रीमियम रियल एस्टेट की नई पहचान गढ़ने निकला वीवीआईपी ग्रुप

ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम। यमुना एक्सप्रेसवे के तेजी से उभरते विकास कॉरिडोर में रविवार को उस समय एक नया अध्याय जुड़ गया, जब वीवीआईपी ग्रुप ने अपनी महत्वाकांक्षी और बहुप्रतीक्षित आवासीय परियोजना वीवीआईपी यमुना प्रोजेक्ट की भव्य लॉन्चिंग की। वैदिक मंत्रोच्चारण, भूमि पूजन और पारंपरिक हवन के साथ आयोजित इस समारोह ने आधुनिक रियल एस्टेट विजन को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के साथ जोड़ते हुए एक सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत आध्यात्मिक वातावरण में हुई, जब वीवीआईपी ग्रुप के सीएमडी प्रवीण त्यागी ने अपने माता-पिता का आशीर्वाद लेकर धर्मपत्नी एवं पुत्र विभोर त्यागी और वैभव त्यागी के साथ हवन में आहुति दी। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, निवेशकों और रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोगों ने आयोजन की भव्यता और अनुशासित प्रबंधन की सराहना की। पूरे आयोजन स्थल को विशेष थीम डेकोर, आकर्षक मंच, डिजिटल प्रेजेंटेशन और सुव्यवस्थित आतिथ्य के साथ सजाया गया था। आधुनिक कॉर्पोरेट शैली और पारंपरिक संस्कारों का यह संगम लॉन्चिंग को यादगार बना गया। निवेशकों की भारी उपस्थिति और सकारात्मक प्रतिक्रिया ने पहले ही दिन इस परियोजना को 'हिट लॉन्च' का दर्जा दिला दिया।



वीवीआईपी यमुना प्रोजेक्ट को ऑफिशियली लॉन्च करते ग्रुप के सीएमडी प्रवीण त्यागी।



## लग्जरी, लोकेशन और लाइफस्टाइल का संगम




करंट क्राइम। वीवीआईपी यमुना प्रोजेक्ट को प्रीमियम और अल्ट्रा-लग्जरी सेगमेंट को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। विशाल ग्रीन लैंडस्केप, अत्याधुनिक क्लबहाउस, स्विमिंग पूल, जिमनेजियम, मल्टी-लेवल पार्किंग, हाई-एंड सिक्योरिटी सिस्टम, स्मार्ट एक्सेस कंट्रोल और ओपन-वेंटिलेशन आधारित वास्तुशिल्प इसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं। प्रोजेक्ट का मास्टर प्लान इस प्रकार तैयार किया गया है कि हर अपार्टमेंट में प्राकृतिक रोशनी और हवा का भरपूर प्रवाह हो। उच्च गुणवत्ता निर्माण सामग्री, आकर्षक फिनिशिंग, प्रीमियम फिटिंग्स और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप डिजाइन इसे यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में एक अलग पहचान देते हैं। यमुना एक्सप्रेसवे, प्रस्तावित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और क्षेत्र में विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण यह प्रोजेक्ट भविष्य की दृष्टि से भी अत्यंत संभावनाशील माना जा रहा है। निवेश और स्वयं के निवास—दोनों दृष्टिकोण से यह परियोजना एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही है।











## RERA अप्रूवल के साथ भरोसे की मजबूत नींव




करंट क्राइम। परियोजना को **RERA** अप्रूवल प्राप्त है, जिससे पारदर्शिता और कानूनी विश्वसनीयता की पुष्टि होती है। वीवीआईपी ग्रुप ने अपने अब तक के सभी प्रोजेक्ट्स में समयबद्ध डिलीवरी और गुणवत्ता को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि समूह के सभी पूर्व प्रोजेक्ट बाजार में सफल रहे हैं और निवेशकों का विश्वास निरंतर मजबूत हुआ है। रियल एस्टेट सेक्टर में वीवीआईपी ग्रुप की साख और मजबूत पकड़ इसे प्रतिस्पर्धा के बीच विशिष्ट बनाती है। कंपनी की विश्वसनीयता और ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता ही इसकी सबसे बड़ी पूंजी मानी जाती है।







## प्रवीण त्यागी का दूरदर्शी नेतृत्व





करंट क्राइम। सीएमडी प्रवीण त्यागी का नाम आज रियल एस्टेट क्षेत्र में विश्वास, गुणवत्ता और विजन का पर्याय बन चुका है। उन्होंने अपने नेतृत्व में वीवीआईपी ग्रुप को एक सशक्त और भरोसेमंद ब्रांड के रूप में स्थापित किया है। उनका दृष्टिकोण केवल इमारतें खड़ी करना नहीं, बल्कि आधुनिक और समृद्ध जीवनशैली का निर्माण करना है। प्रवीण त्यागी की रणनीतिक सोच, समय की नब्ज पहचानने की क्षमता और गुणवत्ता के प्रति अडिग प्रतिबद्धता ने समूह को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। बाजार की बदलती जरूरतों के अनुरूप प्रोजेक्ट प्लानिंग और ग्राहकों के विश्वास को सर्वोपरि रखने की नीति ने उन्हें उद्योग में विशिष्ट पहचान दिलाई है। उनके नेतृत्व में वीवीआईपी ग्रुप ने हर परियोजना में उत्कृष्टता का मानक स्थापित किया है। आज की भव्य लॉन्चिंग उसी विजन, आत्मविश्वास और दीर्घकालिक सोच का प्रमाण है।

**क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई दिशा :** विशेषज्ञों का मानना है कि यमुना एक्सप्रेसवे कॉरिडोर आने वाले वर्षों में एनसीआर का प्रमुख रियल एस्टेट हब बनने जा रहा है। ऐसे में **VVIP Yamuna Project** न केवल प्रीमियम आवासीय विकल्प प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी नई गति देगा। समग्र रूप से देखा जाए तो आध्यात्मिक परंपरा, कॉर्पोरेट भव्यता, विश्वसनीयता और लक्जरी विजन के अद्भुत संगम के साथ **VVIP Yamuna Project** की लॉन्चिंग ने रियल एस्टेट बाजार में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार कर दिया है। यह परियोजना भविष्य में यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र की पहचान बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।






























# ईरान से बढ़ा तनाव, अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने सैनिकों के ठिकाने बदले



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अलग-अलग जगहों पर तैनात अपने सैन्य कर्मचारियों को दूसरी जगहों पर भेजना शुरू कर दिया है। यह बदलाव ईरान के साथ सीधे सैन्य टकराव के बढ़ते खतरे को देखते हुए किया जा रहा है। 'द येरूसलम पोस्ट' ने 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' के हवाले से बताया है कि पेंटागन के अधिकारियों के मुताबिक, कतर के अल उदीद बेस से सैकड़ों सैनिकों को दूसरी जगह भेजा गया है। इसी तरह के बदलाव बहरीन (जहां नेवी के 5वें बेड़े का मुख्यालय है), इराक, सीरिया, कुवैत, सऊदी अरब, जॉर्डन और संयुक्त अरब अमीरात में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर भी देखे गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों को डर है कि इस इलाके में अभी तैनात 30,000 से 40,000 अमेरिकी सैनिक युद्ध की स्थिति में ईरान का मुख्य निशाना बन सकते हैं। सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अब टकराव होता है, तो वह जून 2025 में अल उदीद पर हुए हमले से काफी अलग होगा। उस समय ईरान ने अमेरिका को पहले से जानकारी दे दी थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। जेरूसलम पोस्ट ने संयुक्त राष्ट्र में ईरानी मिशन की एक सख्त चेतावनी का भी जिक्र किया है। इसमें कहा गया था कि अगर अमेरिका हमला करता है, तो इस इलाके में दुश्मन सेना के सभी बेस और संपत्तियां उनका सही निशाना होंगी।

**अमेरिका तैनात कर रहा डिफेंस सिस्टम:** इन खतरों को देखते हुए, अमेरिका अपनी सेना और हितों की सुरक्षा के लिए पश्चिम एशिया में एयर डिफेंस सिस्टम को शिफ्ट कर रहा है। इसके साथ ही, दो एयरक्राफ्ट कैरियर को ईरानी इलाके से काफी दूरी पर रखने का फैसला किया गया है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि वे जवाबी कार्रवाई के लिए आसान निशाना न बनें।

जेरूसलम पोस्ट ने बताया कि ये तैयारियां लंबे समय तक चलने वाले टकराव की ओर इशारा करती हैं। हालांकि ट्रंप प्रशासन आधिकारिक तौर पर कूटनीतिक समाधान खोजने की बात कर रहा है, लेकिन कई जानकारों का मानना है कि तेहरान के मौजूदा प्रस्ताव राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सैन्य हमला करने से रोकने के लिए काफी नहीं हैं।

# भारतीय उच्चायुक्त ने की बांग्लादेश के विदेश मंत्री के साथ मुलाकात, पाकिस्तान को मिर्ची लगना तय





**ढाका।** ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने रविवार को कहा कि भारत ने बांग्लादेश की नई सरकार के साथ संबंध मजबूत करने की इच्छा व्यक्त की है। वर्मा ने बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय में बांग्लादेश के नए विदेश मंत्री डॉ. खलीलुर रहमान और राज्य मंत्री शमा ओबैद इस्लाम से मुलाकात की।

वर्मा ने बांग्लादेश के विदेश मंत्री के साथ मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा , 'बांग्लादेश में नई सरकार के गठन के बाद नए विदेश मंत्री और राज्य मंत्री के साथ यह मेरी पहली मुलाकात थी। इसलिए, यह एक औपचारिक मुलाकात और विचारों के प्रारंभिक आदान-प्रदान तक ही सीमित रही।'

**पीएम मोदी ने रहमान को भेजा बधाई संदेश, फोन पर भी की बात**

प्रणय वर्मा ने कहा, 'चुनाव के बाद से बांग्लादेश के साथ हमारे हालिया उच्च स्तरीय संवादों से आप अवगत हैं। 13 फरवरी को चुनाव के तुरंत बाद भारत के प्रधानमंत्री ने तारिक रहमान को बधाई संदेश भेजा। उसी दिन दोनों ने फोन पर भी बात की। 17 फरवरी को जब नई सरकार ने शपथ ली, तो हमारे लोकसभा अध्यक्ष भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए ढाका गए।'

उन्होंने कहा, 'ओम बिरला ने नए प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की। बैठक के दौरान, हमारे अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी का एक पत्र पीएम तारिक रहमान को सौंपा।' भारतीय राजदूत ने आगे कहा कि भारत बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करना चाहता है और सहयोग को सुदृढ़ करना चाहता है।

**लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश का समर्थन**

वर्मा ने कहा, 'इन सभी संवादों में हमने बांग्लादेश के साथ अपने ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने और अपने बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने की इच्छा व्यक्त की। हमने एक लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया।'

भारतीय उच्चायुक्त ने कहा, 'विदेश मंत्री के साथ आज हुई बैठक में मैंने बांग्लादेश की नई सरकार के साथ सहयोग करने की अपनी तत्परता को दोहराया। मैंने उन्हें बताया कि हम आपसी हित और लाभ के आधार पर सकारात्मक, रचनात्मक और प्रगतिशील तरीके से मिलकर काम करते हुए सभी क्षेत्रों में जन-केंद्रित सहयोग को मजबूत करना चाहते हैं।'

**रहमान के शपथ ग्रहण में शामिल हुए थे ओम बिरला**

इससे पहले 18 फरवरी को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ढाका में बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से तारिक रहमान को जल्द से जल्द भारत आने का व्यक्तिगत निमंत्रण दिया था। बिरला ने तारिक रहमान को हार्दिक बधाई दी और दोहराया कि भारत लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र के निर्माण के लिए बांग्लादेश के प्रयासों का समर्थन करने के लिए तत्पर है। उन्होंने दोनों पड़ोसी देशों के बीच स्थायी साझेदारी को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।

# नासा के मून मिशन को लगा बड़ा झटका, टला आर्टेमिस 2 का लॉन्च



**केप कैनावेरल।** फ्लोरिडा के केप कैनावेरल में वास्तविक परिस्थितियों में पूरे रॉकेट टैंक और तकनीकी जांच के साथ वेट ड्रैस रिहर्सल आयोजित की गई थी। इसमें इंजीनियरों ने वास्तविक प्रक्षेपण को अंजाम देने के लिए आवश्यक अभ्यास किया था। नासा को उम्मीद है कि चंद्रमा का उपयोग मंगल ग्रह पर भविष्य के मिशनों की तैयारी में मदद के लिए किया जा सकता है।

नासा के प्रमुख जेरेड इसाकमैन ने शनिवार को तकनीकी समस्याओं का हवाला देते हुए मून मिशन आर्टेमिस-2 के मार्च में प्रक्षेपण की संभावना को खारिज कर दिया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी का यह मून मिशन 50 से ज्यादा वर्षों में चंद्रमा के लिए पहला मानवयुक्त फ्लाईबाई मिशन है।

**असुर के लिए शिव का कृष्ण से युद्धप्रीमियम**

इसाकमैन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नासा की टीम ने विशाल एसएलएस रॉकेट में हीलियम प्रवाह में एक समस्या का पता लगाया है, जिसके कारण मार्च में लॉन्च की संभावना खत्म हो जाएगी।

**मून मिशन टलने पर नासा के प्रमुख इसाकमैन ने क्या कहा:** नासा चीफ इसाकमैन ने कहा, 'मैं समझता हूं कि लोग इस घटनाक्रम से निराश हैं। यह निराशा सबसे ज्यादा नासा की टीम को महसूस हो रही है, जो इस महान परियोजना की तैयारी में अथक मेहनत कर रही है।' उन्होंने कहा कि 1960 के दशक के दौरान जब नासा ने वह उपलब्धि हासिल की, जिसे अधिकांश लोग असंभव मानते थे और जिसे तब से दोहराया नहीं गया है, तो कई झटके लगे।

इसाकमैन ने कहा कि विशालकाय एसएलएस रॉकेट और ओरियन अंतरिक्ष यान को तकनीकी समस्याओं की जांच करने और आवश्यक मरम्मत करने के लिए फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र में स्थित वाहन असेंबली बिल्डिंग में वापस लाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में पूरी जानकारी दी जाएगी। गौरतलब है कि लगभग 10 दिनों तक चलने वाले बहुप्रतीक्षित आर्टेमिस-2 मिशन में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी के उपग्रह की परिक्रमा करने वाले थे।

चीन का मानवरहित चांग'ई 7 मिशन 2026 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की खोज के लिए लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष यान मेंगझोउ का परीक्षण भी इस साल आगे बढ़ने के लिए निर्धारित है।

**अगले महीने की 6 तारीख को होना था आर्टेमिस 2 लॉन्च**

यह अमेरिकियों के लिए चंद्रमा की सतह पर एक बार फिर कदम रखने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम होगा, यह लक्ष्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में घोषित किया था। बीते शुक्रवार को नासा ने 6 मार्च को प्रक्षेपण की संभावित तिथि निर्धारित की थी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी को उम्मीद है कि वह इंसानों को वापस चंद्रमा पर उतारेगी, जबकि चीन एक प्रतिद्वंद्वी प्रयास में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका लक्ष्य 2030 तक अपने पहले मानवयुक्त मिशन को पूरा करना है।

# पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक के बाद भड़क उठा अफगानिस्तान, दे डाली चेतावनी



**काबुल।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया कि इन हमलों का सही समय पर माकूल जवाब दिया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि हमारी सीमाएं और लोगों की सुरक्षा हमारा पवित्र राष्ट्रीय कर्तव्य है।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमाई तनाव एक बार फिर गहरा गया है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में हवाई हमला किया, जिसमें कई लोग मारे गए हैं। इसके जवाब में काबुल ने कड़ी चेतावनी दी है। अफगान सरकार ने कहा कि इस हमले का सही समय पर माकूल जवाब दिया जाएगा।

पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया कि इस बात के पक्के सबूत हैं कि इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद, बाजौर और बन्नू में हुए आतंकी हमले अफगानिस्तान में बैठे आतंकियों के कहने पर किए गए थे। मंत्रालय ने कहा कि इन हमलों की जिम्मेदारी अफगानिस्तान स्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) ने ली है। बयान में कहा गया कि पाकिस्तान ने अफगान तालिबान सरकार से कई बार अपील की थी। उसने कहा था कि अफगान जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए न होने दिया जाए। लेकिन, तालिबान सरकार ने आतंकियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसी के जवाब में पाकिस्तान ने खुफिया जानकारी के आधार पर इन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है।

**अफगानिस्तान ने दी कड़ी चेतावनी:** वहीं, अफगानिस्तान ने इन हमलों की कड़ी निंदा की है। अफगान रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पक्तिका और नंगरहार प्रांतों पर हुए पाकिस्तानी हमलों का माकूल जवाब देंगे। हम चुप नहीं रहेंगे, ऐसा जवाब देंगे कि याद रखा जाएगा।

# नेतन्याहू ने पीएम मोदी के इस्राइल दौरा को बताया अहम, कहा- एआई और क्वांटम को लेकर होगी बात



**तेल अवीव।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर बुधवार को इस्राइल पहुंचेंगे। उनके इस्राइली समकक्ष प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस यात्रा को महत्वपूर्ण बताया है। उनके अनुसार, इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनयिक और सुरक्षा सहयोग बढ़ेगा। विशेष रूप से हाई-टेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), और क्वांटम टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों पर फोकस रहेगा। नेतन्याहू के अनुसार, ये भारत-इस्राइल संबंधों को नई दिशा देगा।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साप्ताहिक कैबिनेट मीटिंग में ये बातें कहीं। नेतन्याहू ने कहा, सहयोग के एक और खास क्षेत्र पर भी मेरा पूरा ध्यान है। हम हाई-टेक, एआई और क्वांटम में सहयोग को आगे बढ़ाएंगे। तय कार्यक्रमानुसार दोपहर को वो नेसेट (इस्राइली संसद) को संबोधित करेंगे, और दोनों नेता याद वाशेम (विश्व होलोकॉस्ट स्मरण केंद्र) जाएंगे और यरुशलम में एक इनोवेशन इवेंट में शामिल होंगे।

नेतन्याहू ने भारत के साथ मिलकर चरमपंथ के खिलाफ सशक्त समूह बनाने की बात की। उन्होंने कहा इस्राइल ह्लमिडिल ईस्ट के आसपास या अंदर एक पूरा सिस्टम बनाएगा–असल में गठबंधनों का एक तरह का हेक्सागन, जिसमें भारत, ग्रीस, साइप्रस और बिना नाम वाले अरब, अफ्रीकी और एशियाई देशों का नाम शामिल है। उन्होंने कहा, यहां मकसद ऐसे देशों की एक धुरी बनाना है जो कट्टरपंथियों की धुरी के उलट, असलियत, चुनौतियों और लक्ष्यों को एक ही तरह से देखें। इन सभी देशों का नजरिया अलग है, और हमारे बीच सहयोग से बहुत अच्छे नतीजे मिल सकते हैं और बेशक, यह हमारी ताकत और हमारे भविष्य को भी पक्का कर सकता है।

# कट्टर इस्लामी समूहों को समर्थन दे रही पाकिस्तानी सेना, दक्षिण और पश्चिम एशिया में बढ़ रहा खतरा



**काबुल।** एक रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान का मध्य पूर्व की ओर रुख दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया के पहले से ही अस्थिर क्षेत्रों में गलतफहमी, वैचारिक प्रभाव और प्रॉक्सी संघर्ष के खतरे को बढ़ा देता है।

पाकिस्तान की सेना हमास और मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे कट्टर इस्लामी समूहों को अपनी गतिविधि जारी रखने के लिए समर्थन दे रही है। इसकी वजह से लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) जैसे स्थानीय आतंकी संगठनों को समर्थन मिल रहा है और वे गाजा और कश्मीर पर इस्लामिक देशों से सपोर्ट मांग रहे हैं।

**छीळ और खीट को समर्थन देता रहा है पाकिस्तान**

पाकिस्तान लंबे समय से लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसी अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों को समर्थन देता रहा है। भले ही अंतरराष्ट्रीय दबाव में पाकिस्तान ने इन्हें प्रतिबंधित किया, लेकिन ये समूह अब भी सहयोगियों और सामने वाली संरचनाओं के जरिए सक्रिय हैं। पाकिस्तान जब मध्य पूर्व में अपनी सुरक्षा उपस्थिति बढ़ाता है और साथ ही इस्लामी आतंकवादी समूहों को खुले समर्थन देता है, तो यह समस्या सिर्फ दक्षिण एशिया तक सीमित नहीं रहती, बल्कि क्षेत्रीय बन जाती है।

**हमास का समर्थन कर रहे पाकिस्तान के राजनीतिक और धार्मिक प्लेटफॉर्म**

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि पाकिस्तान के राजनीतिक और धार्मिक प्लेटफॉर्म हमास का समर्थन कर रहे हैं। जनवरी 2024 में पाकिस्तान की संसद ने हमास के प्रतिनिधि खालेद कद्दूमी का स्वागत किया और फरवरी 2025 में उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान हमास की मेजबानी कर स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों को पश्चिमी देशों, इस्राइल और भारत के खिलाफ एकजुट कर रहा है।

**आतंक समर्थक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान की छवि**

अमेरिका और यूरोपीय संघ समेत कई देशों ने हमास को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। इसके इतर पाकिस्तान में उन्हें सम्मानित अतिथि के रूप में देखना दो खतरे पैदा करता है। पहला, पाकिस्तान का घरेलू इस्लामी नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के लिए आकर्षक बन सकता है।

दूसरा, दुनिया में पाकिस्तान की छवि आतंक समर्थक राष्ट्र के रूप में और मजबूत होती है। रिपोर्ट में कहा गया, 'हमास और मुस्लिम ब्रदरहुड द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों को समर्थन देने को लेकर चिंता जताई गई है।

पाकिस्तान में इन प्रतिबंधित इस्लामी संगठनों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी यह दर्शाती है कि लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद को व्यवस्थित और सक्रिय समर्थन प्रदान किया जा रहा है।'

# बांग्लादेश ने भारतीयों के लिए पर्यटक वीजा सेवा फिर शुरू करने का किया फैसला, आज से मिलेगी सुविधा





**ढाका।** बांग्लादेश में करीब डेढ़ साल बाद हालात सुधर रहे हैं। इस कड़ी में बांग्लादेश ने भारतीयों के लिए पर्यटक वीजा फिर से शुरू करने का फैसला किया है। आज से भारत में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और मिशनों में पर्यटक वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी। इसे सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया था।

बांग्लादेश ने भारत में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, सोमवार से भारत में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और मिशनों में पर्यटक वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी। सुरक्षा कारणों की वजह से यह सेवा कुछ समय के लिए रोक दी गई थी, लेकिन अब हालात बेहतर होने के बाद इसे दोबारा शुरू करने का फैसला लिया गया है।

**नई दिल्ली समेत इन जगहों पर आसानी से मिलेगा वीजा**

अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के अलावा कोलकाता, मुंबई, गुवाहाटी और अगरतला जैसे शहरों में मौजूद सभी मिशनों में अब पर्यटक वीजा आसानी से मिल सकेगा। पहले भी बाकी तरह के वीजा ज्यादातर जारी किए जा रहे थे, लेकिन टूरिस्ट वीजा सामान्य रूप से बंद थे और केवल बहुत जरूरी मामलों में ही दिए जा रहे थे।

**15 जनवरी से 15 फरवरी तक लगी थी रोक:** दरअसल, बांग्लादेश में 12 फरवरी को हुए चुनाव से पहले सुरक्षा कारणों के चलते 15 जनवरी से 15 फरवरी तक पर्यटक वीजा सेवाओं पर रोक लगा दी गई थी। इसी दौरान नेपाल और भूटान जैसे देशों के लिए भी कुछ सेवाएं प्रभावित हुई थीं। अब चुनाव के बाद स्थिति सामान्य होने पर सभी तरह की वीजा सेवाओं को पूरी तरह बहाल किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ, बांग्लादेश के नागरिकों के लिए भारतीय टूरिस्ट वीजा अभी भी पूरी तरह शुरू नहीं हुए हैं, हालांकि कुछ खास श्रेणियों के वीजा जारी किए जा रहे हैं।

**नई सरकार बनने के बाद संबंधों में सुधार के संकेत**

विशेषज्ञों का मानना है कि नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार बनने के बाद भारत-बांग्लादेश संबंधों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। इसी कड़ी में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ था, जिससे दोनों देशों के रिश्तों को बेहतर बनाने का संदेश गया है।

# ईरान पर हमले का फैसला हो चुका, अगले हफ्ते कार्रवाई कर सकता है अमेरिका', पूर्व सीआईए अफसर का बड़ा दावा



**वॉशिंगटन।** पूर्व सीआईए अफसर जॉन किरियाकू ने दावा किया है कि अमेरिका ने अगले हफ्ते ईरान पर हमला करने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का दस दिन का अल्टीमेटम केवल ध्यान भटकाने के लिए है। इस सबके बीच अमेरिका ने युद्ध की आशंका के बीच अपने सैनिकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना शुरू कर दिया है।

अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जॉन किरियाकू ने एक बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि अमेरिका ने अगले हफ्ते की शुरूआत में ईरान पर सैन्य हमला करने का पक्का फैसला कर लिया है। जूलियन डोरे पॉडकास्ट पर बात करते हुए किरियाकोउ ने बताया कि व्हाइट हाउस के सूत्रों के मुताबिक, प्रशासन की तरफ से दी गई समय सीमा के बावजूद हमला बहुत जल्द होने वाला है। किरियाकोउ ने कहा, 'मेरा एक दोस्त है जो सीआईए का पूर्व अफसर है। उसने आज सुबह व्हाइट हाउस में अपने दोस्तों से बात की। उसका कहना है कि सोमवार या मंगलवार को ईरान पर हमला करने का फैसला हो चुका है।'

किरियाकोउ ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कल ईरान को एक प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए दस दिन का समय दिया था। इसमें ईरान को अपना बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम और यूरेनियम संवर्धन बंद करने के साथ-साथ हमास, हिजबुल्लाह और हूथी जैसे समूहों की मदद रोकने को कहा गया था। लेकिन किरियाकोउ का मानना है कि यह समय सीमा केवल ध्यान भटकाने की एक चाल है। उन्होंने कहा, ₹वे आपको दस दिन देंगे, लेकिन दो दिन बाद ही हमला कर देंगे। उन्हें लगता है कि इससे दुश्मन का संतुलन बिगड़ जाता है।

**सैनिकों की सुरक्षा के लिए जगह बदली:** हमले की तैयारी के संकेतों के बीच अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने सैनिकों को सुरक्षित जगहों पर भेजना शुरू कर दिया है। 'द जेरूसलम पोस्ट' और 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, कतर के अल उदीद बेस से सैकड़ों सैनिकों को दूसरी जगह भेजा गया है। बहरीन, इराक, सीरिया, कुवैत, सऊदी अरब, जॉर्डन और यूएई में भी अमेरिकी ठिकानों पर ऐसे ही बदलाव देखे गए हैं।

अधिकारियों को डर है कि युद्ध होने पर वहां मौजूद 30,000 से 40,000 अमेरिकी सैनिक ईरान का मुख्य निशाना बन सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र में ईरानी मिशन ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी हमले की स्थिति में इलाके में मौजूद सभी अमेरिकी बेस और संपत्तियां उनका निशाना होंगी। इसे देखते हुए अमेरिका अपने एयर डिफेंस सिस्टम को शिफ्ट कर रहा है और एयरक्राफ्ट कैरियर को ईरान की पहुंच से दूर रख रहा है।

**ट्रंप की टीम में युद्ध को लेकर बंटवारा:** पूर्व सीआईए अफसर ने बताया कि ट्रंप प्रशासन के अंदर इस हमले को लेकर दो गुट बन गए हैं। उन्होंने कहा, युद्ध विरोधी गुट में जेडी वेंस और तुलसी गबार्ड हैं, जबकि युद्ध समर्थक गुट का नेतृत्व मार्को रुबियो कर रहे हैं। इसमें पीट हेगसेथ और अब ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ भी शामिल हैं। किरियाकोउ ने बताया कि ट्रंप ने पिछले 12 महीनों में सभी ज्वाइंट चीफ्स को बदल दिया है और ऐसे लोगों को रखा है जो उनके प्रति वफादार हैं। इसी वजह से सेना का रुख अब बदल गया है।

**यूएफओ फाइलों से ध्यान भटकाने की कोशिश:** चर्चा के दौरान यह भी बात उठी कि सरकार जल्द ही यूएफओ से जुड़ी फाइलें जारी कर सकती है। किरियाकोउ ने माना कि हमले के समय ही इन फाइलों को जारी करने की बात करना जनता का ध्यान भटकाने का एक तरीका हो सकता है।